


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03, अंक 234 | ग्वालियर, रविवार 30 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक



### कोविड-19: अनलॉक 4 में खेल, मनोरंजन धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रम की इजाजत जानिए कितने लोग हो सकते हैं शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए लागू लॉकडाउन के नियमों में और अधिक ढील देते हुए अनलॉक 4 की घोषणा कर दी है। 1 सितंबर से लागू होने जा रहे अनलॉक 4 में खेल, मनोरंजन, धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रम की इजाजत दे दी गई है तो मेट्रो भी दौड़ने लगेगी। गृह मंत्रालय द्वारा अनलॉक-4 के लिए जारी किए गए दिशानिर्देश के अनुसार, 21 सितंबर से 100 व्यक्तियों की अधिकतम सीमा के साथ सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक कार्यक्रमों की अनुमति दी जाएगी। स्कूल, कॉलेज, अन्य शैक्षणिक संस्थान 30 सितंबर तक बंद रहेंगे। इन कार्यक्रमों में मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंशिंग का पालन, थर्मल स्कैनिंग, हैंडवॉश और सैनिटाइजर का इस्तेमाल अनिवार्य होगा।

### अनलॉक 4.0 गाइडलाइंस की घोषणा, जानिए कब से चलेगी मेट्रो



**नई दिल्ली।** अनलॉक 4.0 गाइडलाइंस की घोषणा कर दी गई है। 7 सितंबर से चरणबद्ध तरीके से मेट्रो चलाने की मंजूरी दी गई है। सरकार की ओर से जारी गाइडलाइंस में कहा गया है कि गृह मंत्रालय के परामर्श के साथ शहरी विकास मंत्रालय/ रेलवे मंत्रालय के द्वारा मेट्रो ट्रेनों को 7 सितंबर से चरणबद्ध तरीके से चलाया गया जाएगा। कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए लागू लॉकडाउन की वजह से 22 मार्च से ही देशभर में मेट्रो परिचालन बंद है। मेट्रो सेवा शुरू होने से दिल्ली एनसीआर के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी जो दफ्तर या अन्य जगहों पर जाने के लिए मेट्रो की सवारी पसंद करते हैं। कोरोना काल में मेट्रो को सुरक्षित तरीके से चलाने के लिए खास तैयारी की गई है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने पिछले सप्ताह कहा था कि उसे जब भी सरकार से निर्देश प्राप्त होगा, वह अपना परिचालन बाहल करने के लिए तैयार रहेगी। एक सूत्र ने कहा, हम सेवाओं की बहाली के लिए अनुमति का इंतजार कर रहे है। लेकिन, सुरक्षा के सारे उपाय तैयार कर लिए गये हैं तथा कुछ और तैयार भी किए जा रहे हैं तकि जब भी सेवाएं बहाल करने का आदेश हो, तब हम यात्रियों की अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित कर पाएं। अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों में मास्क लगाना अनिवार्य होगा और बिना मास्क वालों को मेट्रो परिसर में घुसने नहीं दिया जाएगा। साथ ही एक दूसरे के बीच दूरी का भी पालन किया जाएगा।

### अनलॉक 4 की घोषणा, जानिए 1 सितंबर से क्या-क्या खुला, किस पर रोक

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार की तरफ से अनलॉक 4.0 के दौरान कोविड-19 को लेकर लगे देशव्यापी प्रतिबंधों में कई छूट देते हुए बड़ी राहत दी गई है। शनिवार की शाम गृह मंत्रालय की ओर से जारी गाइडलाइंस के बाद अब राज्य जहां कंटेनमेंट जोन के बाहर लॉकडाउन अपनी मनमर्जी से नहीं लगा पाएंगे, तो वहीं मेट्रो सेवा 7 सितंबर से चरणबद्ध तरीके से शुरू होने जा रही है। अनलॉक 4.0 के दौरान मेट्रो, खेल, मनोरंजन, धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रमों की इजाजत कुछ शर्तों के साथ दी गई। हालांकि, 21 सितंबर से यह आदेश प्रभावी होगा। केन्द्र सरकार की तरफ से इसके लिए अधिकतम 100 लोगों के एक साथ इकट्ठा होने की इजाजत दी गई है। लेकिन, केन्द्र ने कहा है कि कंटेनमेंट जोन में 30 सितंबर तक कड़ाई के साथ लॉकडाउन के नियमों का पालन कराया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी आज सुबह

# 11 बजे करेंगे मन की बात, अनलॉक-4 पर कर सकते हैं बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल रविवार को सुबह 11 बजे रेडियो पर मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी के हर महीने प्रसारित होने वाले रेडियो कार्यक्रम मन की बात की यह 68वीं कड़ी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे पहले 26 जुलाई को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किए थे। बता दें कि यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा।

पीएम मोदी ने इस महीने की शुरुआत में अपने रेडियो कार्यक्रम के विषयों के



बारे में ट्विटर पर लोगों से विचार और सुझाव मांगे थे। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर लोगों से कहा था कि वे नमो का उपयोग करके या 1800-11-7800 पर कॉल करके अपने संदेश रिकॉर्ड करके अपने इनपुट्स भेज सकते हैं। फोन लाइनें 10 अगस्त से खोली गई हैं। पिछली बार के मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा था कि मैं आप से आग्रह करूंगा जब भी आपको मास्क के कारण परेशानी महसूस होती हो, मन करता हो उतार देना है तो पल-भर के लिए उन डॉक्टरों का का स्मरण कीजिये, उन नर्सों का स्मरण कीजिये, हमारे उन कोरोना वारियर्स का स्मरण कीजिये। आप देखिये वो मास्क पहनकर के घंटो तक लगातार, हम सबके जीवन को, बचाने के लिए जुटे रहते हैं।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्वस्थ हुए, जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है: एम्स

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब पूरी तरह स्वस्थ हो गए हैं और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) की ओर से शनिवार को यह जानकारी दी गई है। गृहमंत्री पिछले दिनों कोरोना संक्रमित पाए गए थे। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज के बाद पोस्ट कोविड केयर के लिए उन्हें एम्स में भर्ती किया गया था। केंद्रीय गृह को 18 अगस्त को दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया। उन्हें ओल्ड प्राइवेट वार्ड में रखा गया था, जहां एम्स के डायरेक्टर डॉक्टर रणदीप गुलेरिया की देखरेख में उनका इलाज चला। वह थकान और शरीर में दर्द महसूस कर रहे थे। एम्स के मीडिया और प्रोटोकॉल विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उनकी कोरोना जांच भी की गई, जो कि नेगेटिव आई। 55 वर्षीय शाह ने 2 अगस्त को ट्विटर के माध्यम से देश के बताया था कि वह कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। इसके बाद उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद उन्हें यहां से डिस्चार्ज किया गया था।



## डोकलाम और नाकू ला समेत भारत से लगते अहम ठिकानों पर चीन बना रहा मिसाइल बेस, नई सैटेलाइट तस्वीर से खुलासा

**नई दिल्ली।** चीन एक तरफ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पीछे नहीं हटने की अपनी जिद पर अड़ा हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ वह भारत से लगती सीमा पर मिसाइल बेस तैयार रहा है। सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों से यह साफ पता चलता है कि चीन दो नए एयर डिफेंस पॉजिशन तैयार कर रहा है। चीन इन दोनों मिसाइल बेस से मई में जिस जगह पर भारत और चीन के सैनिक भिड़े थे इसके साथ-साथ डोकलाम और सिक्कम सेक्टर्स के विवादित जगहों को वह निशाना बना सकता है। ट्विटर पर नाम का उपयोग करने वाले ओपन सोर्स इंटेलिजेंस एनालिस्ट द्वारा साझा की गई सैटेलाइट तस्वीर बताती है कि दो साइटें ऐसी दिखाई देती हैं, जिन पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल सुविधाएं विकसित कर रहा है। ये दोनों जगह सिक्किम के उल्टी तरफ है जिसे हम प्रारंभिक संदिग्ध चेतावनी रडार साइटों के रूप में मानते हैं।सामरिक जानकारों का यह कहना है कि भारत की तरफ लगे रेडार प्रतिष्ठानों के करीब चीन की तरफ से यह मिसाइल एयर डिफेंस फैसिलिटीज तैयार की जा रही है, जिनसे उसे अधिक सटीकता के साथ संभावित लक्ष्य को चुनने में मदद मिलेगी। ट्विटर पर की तरफ से ग्राफिक पोस्ट करते हुए कहा कि नए मिसाइल बेस का निर्माण ÷भारत से लगती सीमा पर चीन की तरफ से किए जा रहे एयर डिफेंस के विस्तार और अपग्रेड्स का हिस्सा है। नए मिसाइल बेस डोका ला (डोका पास) से मुश्किल से करीब 50 किलोमीटर की दूरी पर है और यह उस डोकलाम पठार के नजदीक है जहां पर साल 2017 में भारत और चीन के बीच 73 दिनों तक गतिरोध चला था और दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने आ गए थे। इसके साथ ही, नाकू ला (नाकू पास) जहां पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच 9 मई को झड़प हुई थी। इस हिंसा में चार भारतीय जवान और चीन के पांच सनिक घायल हुए थे। मई में विवाद शुरू होने के बाद हिंसा की यह दूसरी घटना थी। ट्विटर पर साझा किए गए ग्राफिक्स के मुताबिक, एक मिसाइल बेस जहां भारत-भूटान-चीन सीमा के ट्राई-जंक्शन के पास स्थित है तो वहीं एक अन्य बेस सिक्कम के उल्टी तरफ चीनी क्षेत्र में है। चीन की तरफ से बनाए जा रहे इस मिसाइल बेस को लेकर फौरन भारतीय अधिकारियों की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

### लखनऊ के डबल मर्डर केस में खुलासा

# रेलवे अधिकारी की बेटी ने ही की मां और भाई की गोली मारकर हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ के गौतमपल्ली में मुख्यमंत्री आवास के पास रेलवे में आईआरटीएस अधिकारी राजीव दत्त बाजपेई की पत्नी व बेटे की शनिवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या का खुलासा हो गया। रेलवे अधिकारी की बेटी ने ही अपनी मां और भाई की हत्या की थी। बताया जा रहा है कि बेटी कई दिनों से डिप्रेशन में थी। पुलिस के अनुसार पांच गोली चली हैं। दो मां को मारी, एक भाई को और दो गोली कमरे में मिली है। दोनों के शव सरकारी बंगले के पिछले कमरे में बेड पर पड़े मिले। हाई सिक्योरिटी जोन में दोहरी हत्या की सूचना से महकमे में हड़कम्प मच गया। आननफानन में पुलिस कमिश्नर सुजीत पाण्डेय मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। इस बीच डीजीपी एचसी अवस्थी व एडीजी भी घटनास्थल पहुंचे और जायजा लिया। शुरुआती पड़ताल में पुलिस ने लूटपाट की बात से इनकार किया है।



### प्रशांत भूषण के खिलाफ अवमानना मामले में 31 अगस्त को फैसला सुनाएगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण के खिलाफ अवमानना मामले में सुप्रीम कोर्ट सोमवार को फैसाल सुनाएगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रशांत भूषण की सजा पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। माफी मांगने से पहले ही इनकार कर चुके प्रशांत भूषण को कोर्ट ने 30 मिनट का समय दिया था और कहा था कि अपने रुख पर फिर विचार कर लें। लेकिन इसके बाद भी भूषण का विचार नहीं बदला तो कोर्ट ने यहां तक पूछा कि माफी मांगने में क्या गलत है, क्या यह बहुत बुरा शब्द है? कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट एक्ट के अनुसार, आपराधिक अवमानना के अपराध में छह महीने तक की जेल या 2,000 रुपए तक का जुर्माना या दोनों होता है।

### ऑक्सफोर्ड कोरोना वैक्सीन पर क्यों हो रहा विवाद

# इमाम ने हराम बता मुस्लिमों से की ना लगवाने की अपील

**सिडनी।** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से विकसित किए जा रहे कोरोना वैक्सीन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इसकी तकनीक की वजह से कई धार्मिक नेता इसके विरोध में आ गए हैं। अब ऑस्ट्रेलिया के एक इमाम ने इस वैक्सीन को हराम बताते हुए मुसलमानों से इसे ना लगवाने की अपील की है। सुफयान खलीफा ने हाल ही में एक वीडियो के जरिए अपने फॉलोअर्स से यह अपील की है। डेली मेल की एक खबर के मुताबिक, इमाम ने इसे हराम बताते हुए उन मुस्लिमों पर निशाना साधा जो इसे लगवाने के पक्ष में हैं। खलीफा ने कहा, उन मुस्लिम संस्थाओं को शर्म आनी चाहिए जो वैक्सीन के इस्तेमाल को सही ठहरा



रहे हैं। इसके लिए फतवा साइन करने वाले इमामों को शर्म आनी चाहिए। कैथोलिक साफ तौर पर इसके खिलाफ खड़े हुए हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि यह हराम है। यह अवैध है। लेकिन आप सरकार के साथ खड़े हैं। धर्म के खिलाफ जो सरकार के साथ खड़े हैं उन्हें शर्म आए। कुछ और धार्मिक नेताओं ने भी हाल ही में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैक्सीन कैंडिडेट की नीतिगत चिंताएं जाहिर की हैं, जिसे 1970 में हुए गर्भपात के भ्रूण सेल्स का इस्तेमाल करते हुए बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने सफल ट्रायल के बाद ऑक्सफोर्ड वैक्सीन लोगों को उपलब्ध कराने के लिए मैन्युफैक्चरर एस्ट्राजेनिका के साथ करार किया है।

## बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले शिक्षकों को नीतीश सरकार का बड़ा तोहफा, सैलरी में हुई 15 फीसदी की वृद्धि

**पटना।** बिहार में पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के शिक्षकों के मूल वेतन में 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जिसका लाभ एक अप्रैल, 2021 से मिलेगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में शनिवार को आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों के शिक्षकों की नई सेवाशर्त नियमावली को राज्य कैबिनेट की मंजूरी मिल गई थी। इसके अनुसार साढ़े तीन लाख से अधिक शिक्षकों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) का लाभ सितंबर, 2020 से ही दिया जाएगा। वहीं इन शिक्षकों के मूल वेतन में 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जिसका लाभ एक अप्रैल, 2021 से मिलेगा।

**शिक्षकों के वेतन को 1560 करोड़ स्वीकृत**–समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत शिक्षकों के जुलाई और अगस्त के वेतन के लिए 1560 करोड़ जारी होंगे। कैबिनेट ने राशि जारी करने की स्वीकृति दे दी है। वहीं राज्य के प्रस्वीकृति प्राप्त 47 संस्कृति विद्यालयों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध 15 फरवरी 2011 के पूर्व विधिवत रूप से नियुक्त शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों को छठे एवं सातवें वेतन संरचना के अनुरूप पुनरीक्षत दर से अनुदान देने की मंजूरी कैबिनेट ने दी है।

### जम्मू-कश्मीर: सांबा सेक्टर में इंटरनेशनल बॉर्डर पर मिली सुरंग

# रेत से भरी बोरियों पर पाकिस्तान की मार्किंग

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर क्षेत्र के नजदीक एक सुंरग मिली है। ये सुरंग भारतीय सुरक्षाबलों को शुक्रवार को मिली थी। सुरंग को लेकर जम्मू में बीएसएफ के आईजी एनएस जम्वाल ने बताया कि शुक्रवार को टीम ने इस सुरंग को ढूंढ निकाली है। उन्होंने कहा कि यह 150 गज जीरो लैंड से भारत की तरफ खुदी हुई है।

उन्होंने कहा कि इसका एग्जिट प्वाइंट भी भारत की तरफ है और वहां पर रेत से भरी बोरी मिली हैं जिन पर पाकिस्तान की मार्किंग है। जम्वाल ने बताया है कि रेत से भरी बोरी की हालत देखने से लगता है कि ये टन्नल नई है। बॉर्डर एरिया में इतनी बड़ी सुरंग पाकिस्तान रेंजर्स और दूसरी एजेंसियों के अप्रूवल के बिना नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी सुरंग खोदने में जरूर पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट का हाथ है। बताया जा रहा है कि यह सुरंग 20 फीट लंबी है और 3-4 फीट चौड़ी है। सुरंग के पास जो रेत की बोरी मिली है उस पर कराची और शकरगढ़ लिखा हुआ है।



इसके अलावा रेत की बोरी पर टेलीफोन नंबर भी छपे हुए हैं। जैसा कि आमतौर पर सीमेंट की बोरियों पर छपा रहता है। जहां सुरंग मिली है वहां से पाकिस्तान की चौकी महज 400 मीटर की दूरी पर है। बता दें कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों को भेजने के लिए सुरंग खोदने का काम, पाकिस्तान की पुरानी रणनीति है। राज्य पुलिस के आतंकवाद विरोधी विंग के एक सूत्र ने कहा कि ऐसा लगता है कि पाकिस्तान ने इजरायल में प्रवेश करने के लिए भूमिगत सुरंग खोदने वाले हमास के लड़ाकों की नकल करनी शुरू कर दी है। बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं है जब बीएसएफ ने बॉर्डर पर ऐसी सुरंगों का पता लगाया है। इससे पहले भी सुरंगे मिल चुकी है। पिछले साल सितंबर महीने में बीएसएफ ने पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए बॉर्डर इलाके में सुरंगों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया था। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ महानिदेशक राकेश अस्थाना ने सीमा पर तैनात कमांडरों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि सीमा पर घुसपैठ रोधी प्रणाली प्रभावी रहे और इस सीमा पर कोई खामी नहीं रहे।

### भगोड़े कारोबारी विजय माल्या की याचिका पर

# सुप्रीम कोर्ट 31 अगस्त को सुनाएगा फैसला

**नई दिल्ली।** उद्योगपति विजय माल्या की उस याचिका पर उच्चतम न्यायालय 31 अगस्त को अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें अदालत की अवमानना मामले में 2017 में सुनाए गए आदेश पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया है। 27 अगस्त को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल भगोड़े कारोबारी माल्या ने शीर्ष न्यायालय के नौ मई 2017 के उस आदेश पर पुनर्विचार के लिए याचिका दायर की थी, जिसमें उसे न्यायिक आदेशों को दरकिनार कर अपने बच्चों के खातों में चार करोड़ अमेरिकी डॉलर स्थानांतरित करने पर अदालत की अवमानना का दोषी करार दिया गया था। 27 अगस्त को न्यायमूर्ति यू यू ललित और न्यायमूर्ति अशोक भूषण ने मामले में दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायालय ने जून में अपनी रजिस्ट्री को यह



बताने के लिए कहा था कि बीते तीन साल में माल्या की पुनर्विचार याचिका को संबंधित अदालत के समक्ष सूचीबद्ध क्यों नहीं किया गया। उसने रजिस्ट्री को बीते तीन साल में याचिका से संबंधित फाइल को देखने वाले अधिकारियों के नामों समेत सभी जानकारी मुहैया कराने के लिए कहा था। नौ हजार करोड़ रुपए से अधिक के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में आरोपी माल्या फिलहाल ब्रिटेन में है। शीर्ष अदालत ने 2017 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह की याचिका पर वह आदेश दिया था। याचिका में कहा गया था कि माल्या ने कथित रूप से विभिन्न न्यायिक आदेशों का खुलेआम उल्लंघन कर ब्रिटिश कंपनी डियाजियो से प्राप्त चार करोड़ अमेरिकी डॉलर अपने बच्चों के खातों में स्थानांतरित किए थे। दूसरी ओर, एक अन्य मामले में उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस सवाल पर विचार करेगा कि क्या वित्तीय देनदारियों का निबटारा करने के लिए कानूनी कार्यवाही के माध्यम से कुर्क की गयी कंपनी की संपत्ति का परिसमापन करने पर विचार किया जा सकता है। न्यायमूर्ति उदय यू ललित और न्यायमूर्ति विनीत सरन की पीठ को शराब के कारोबारी विजय माल्या की कंपनी यूनाइटेड ब्रेवरीज (होल्डिंग) लि (यूबीएचएल) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी एस वैद्यनाथन ने सूचित किया कि कंपनी की कुल संपत्ति उसकी देनदारियों से कहीं ज्यादा की है। यूबीएचएल ने इस कंपनी का कारोबार समेटने के एकल न्यायाधीश के फैसले को बरकरार रखने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह मार्च के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्टर्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

### पूर्व केबिनेट मंत्री लहार विधायक

# डॉ. गोविन्द सिंह नदियों को बचाने के लिए 5 सितम्बर से करेंगे पद यात्रा





**दबोह, (अर्पित गुप्ता)।** पूर्व केबिनेट मंत्री लहार विधायक डॉक्टर गोविन्द सिंह द्वारा नदियों को बचाने के लिए 5 सितम्बर से 10 सितम्बर तक संकल्प पद यात्रा निकाली जा रही है।जिसमें प्रदेश एवं देश के दिग्गज नेता शामिल होने जा रहे इस पद यात्रा में पूर्व मंत्री के साथ लहार विधानसभा के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होने जा रहे है। इस संबंध में लहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र त्रिपाठी एवं वरिष्ठ नेताओं ने दबोह सेक्टर की कार्यकर्ताओं की बैठक ली।उनके साथ प्रदेश महामंत्री शिवनारायण दुबे बल्लू बकील,पूर्व मंडी अध्यक्ष रामकुमार गुर्जर परा,वरिष्ठ केशव सिंह दद्दू,पूर्व जनपद अध्यक्ष रामेश्वर दयाल कौरव,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रूपनारायण खटीक,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र खेमरिया, विधानसभा कांग्रेस प्रवक्ता राजा भैया पाल आदि नेता मौजूद रहे। इस मौके पर कांग्रेस नेताओ ने बताया भूमि का जल स्तर बचाने के लिए एवं पर्यावरण को सुरिक्षत रखने के लिए पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉक्टर गोविन्द सिंह ने नदियों को बचाने के लिए संकल्प पद यात्रा निकालने जा रहे हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।एवं पद यात्रा में शामिल होने के लिए समर्थन दिया।

### पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा थाना प्रभारी पोरसा अतुल सिंह व पुलिस टीम को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई

### ग्राम नंदपुरा में ट्रांसफार्मर खराब नया रखवाने के लिए दिया ज्ञापन

**पोरसा //**बीजेपी युवा मोर्चा के नेतृत्व में आज बिजली घर पर पोरसा पहुंचकर युवा वर्ग ने ज्ञापन विद्युत विभाग को सौंपा इसमें ग्राम नदंपुरा में ट्रांसफार्मर रखने की मांग की गई है ज्ञापन ए ई आकाश पाल एवं जे ई भरत कतीजा को दिया और आश्वाशन देकर कहा जल्द व्यवस्था करवाएंगे। ज्ञापन देने वाले में आशीष सिंह तोमर अध्यक्ष बीजेपी युवा मोर्चा ग्रामीण, बॉबी तोमर, संदीप तोमर, गोपाल सिंह तोमर, करू गुर्जर, शिशू सिंह तोमर, गौरी शंकर तोमर, राम सिंह राठौर, आदि लोग शामिल थे।

### अंचल की सड़कें मरम्मत के अभाव में सड़क दम तोड़ चुकी हैं

# जर्जर सड़क के चलते वाहन चालक आए दिन हो रहे हो हादसे के शिकार

रिपोर्टर राजकुमार राजपूत

**खैरागढ़**- खेरागढ़ थाना क्षेत्र के लालपुर मैं करीब 2 साल पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कराया गया था जिसमें आज





दो दो फुट गहरे गड्ढे हो चुके हैं ग्रामीण अंचल की सड़क मरम्मत के अभाव में सड़क दम तोड़ चुकी हैं। सड़क में जगह जगह बड़े गड्ढे हो गए है जो लोगो के लिए मुसीबत बने हुए हैं। ग्रामीणो की बार बार मांग के बाद क़ी पीडब्लू डी विभाग ने जर्जर सड़क की ओर ध्यान नहीं दिया है। वही ग्रामीणो का कहना है कि जर्जर सड़क के चलते वाहन चालक आए दिन गिर कर घायल होते रहते है हल्की बारिश हुई तो मार्ग पर निकलना दूभर हो जाता है कई सालों से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क की यह हालत हुई है। सड़क पर बने गड्ढों में गंदा पानी भरा रहने से बहुत सी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है

### सर्व जनहित समाज सेवा संस्थान संगठन ग्रामीण क्षेत्र में

# शासकीय योजना का लोभ देकर भोलेभाले ग्रामीणों के साथ कर रहा ठगी

**आलमपुर, (अर्पित गुप्ता)।** मामला दरअसल आलमपुर क्षेत्र की गागेपुरा पंचायत का है जहाँ पर सर्व जनहित समाज सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा ग्रामीण इलाके में एनजीओ की तरफ से ग्रामीणों को शासन की ओर से संचालित प्रधान मंत्री आवास योजना ,बी. पी .एल का राशन कार्ड बनबाना खाद्यान की पात्रता पर्ची जारी करने का प्रलोभन,ऋण पुस्तिका बनवाना आधार कार्ड बनवाना प्रधानमंत्री सम्मान निधि दिलबाना आदि कार्यो के नाम पर 50 से लेकर 100 रुपये लेकर फार्म भरकर खाना पूर्ति की जा रही है इन सव कागजातों के बनाने के लिये कोई भी रसीद नही दी जा रही है।साथ ही भोले भाले ग्रामीणों से यह कह दिया जाता है कि ग्राम पंचायत के सरपंच ने तुम्हारा प्रधानमंत्री आवास योजना से नाम कटवा दिया है किसी से कह दिया जाता है कि तुम्हारा बी पी एल कार्ड सरपंच ने निरस्त करा दिया जिससे ग्रामीण शासन से मिलने बाली योजना से बंचित होने के एवज में उनसे फार्म भरने के नाम पर 50 से 100 रुपये तक आसानी से ठग लेते है।ग्रामीणों द्वारा सर्वे करने की खबर ग्राम सरपंच को लगी तो उन्होंने पुलिस थाने पहुँचकर सर्व जनहित समाज सेवा संस्थान के प्रबंधक भानूप्रताप सिंह की पंचायत की महिला सरपंच सरस्वती देवी दोहरे ने ग्रामीण जनो के साथ झूठी अफवाह फैलाने कोरोना संक्रमण के खतरे को फैलाने व भोले भाले ग्रामीणों के साथ कि गई ठगी की शिकायत दर्ज करवाई।

# नवग्रह कॉलोनी सेक्टर 2 में किराना की दुकान का किया सभापति ने उद्घाटन





**ग्वालियर-** शुक्रवार शाम 5 बजे विभिन्न घरेलू प्रोडक्ट की दुकान का भव्य शुभारंभ राकेश महोर सभापति नगर निगम ग्वालियर के कर कमलों द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर राकेश महोर कहा कि दुकान के संचालक रवि प्रजापति ने क्षेत्र में दुकान खोल कर एक पुनीत कार्य किया है अब क्षेत्र के लोगों को अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए बाजार की ओर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर ख्यालेंद्र प्रजापति व नूतन श्रीवास्तव ने बारी-बारी से दुकान के प्रोडक्ट की तारीफ की और कहा कि क्षेत्र में दुकान खुलने से लोगों को काफी सहूलियत होगी। अंत में मानव अधिकार प्रोटेक्शन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र झा ने रवि प्रजापति को शुभकामनाएं देते हुए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर राजेन्द्र झा प्रदेश अध्यक्ष मानवाधिकार प्रोटेक्शन विनय जैन पुष्प पूर्व नगर रक्षा समिति जिला संयोजक ,ख्यालेंद्र प्रजापति बरिष्ठ समाज सेवी प्रजापति महासंघ (म.प्र.) अनिल सिंह राजपूत संभागीय अध्यक्ष मानव अधिकार प्रोटेक्शन, व मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना के नूतन श्रीवास्तव , प्रदेश कार्य समिति सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा, बबीता सेन गणेश प्रजापति रमेश प्रजापति बलवीर कुशवाह , डॉ. के सी प्रजापति नवल किशोर प्रजापति रामू प्रजापति, गोरव प्रजापति सचिन प्रजापति

विशेष रूप से उपस्थित रहेंदुकान के संचालक रवि प्रजापति ने सभी अतिथियों का पुष्प हार देकर स्वागत किया और क्षेत्र में उचित मूल्य पर लोगों को किराने का सामान उपलब्ध कराने का आश्वासन भी अतिथियों को दिया।

# दबोह-आलमपुर में खाद्य विभाग की छापामार कार्यवाही

**दर्जनों दुकाने खुली होने के बाबजूद सिर्फ दो पर कार्यवाही क्यों..?**

**दबोह (अर्पित गुप्ता)**

प्रदेश भर में लगातार मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार कार्यवाही चल रही है।जिसके चलते भिंड कलेक्टर महोदय ने दो दिवस पूर्व कार्यवाही के लिए टीम का गठन किया था जिस दौरान नगर दबोह व आलमपुर में खाद्य विभाग टीम ने दस्तक देते हुए छापामार कार्यवाही कर किराने की दुकानों के सैम्पल भरे।जिनमे से एक दुकान दबोह की तो दूसरी दुकान आलमपुर की शामिल है।यहां बताना मुनासिब होगा कि जिस तरह से दबोह आलमपुर में फ़ूड विभाग की कार्यवाही की गई है वह प्रश्नचिन्ह के घेरे में है क्यों कि दबोह व आलमपुर में दर्जनों दुकाने खुलो होने के बाबजूद भी खाद्य विभाग अधिकारी महोदय द्वारा सिर्फ दो दुकानों पर कार्यबाही की गई है जिससे साफ स्पष्ट होता है कि आखिर कैसे इन मिलावट की इस जंग में शासन जीत हांसिल कर सकेगा..? सम्पूर्ण कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्रजेश शिरोमणि व गिरीश राजौरिया मौजूद रहे।

### इनका कहना

1-मुझे आज हुई कार्यवाही के बारे में कोई जानकारी नही है.. !

आर ए प्रजापति

एसडीएम लहार

2-दबोह एवम आलमपुर में एक एक दुकान से सेम्पलिंग की कार्यवाही की गई है।

**ब्रजेश शिरोमणि, खाद्य सुरक्षा अधिकारी**



# जामुडिया पुलिस के हत्थे शातिर अपराधी: अमन राय

**ब्यूरो चीफ**

कहते है कानून के हाथ बड़े लंबे होते हैं, अपराधी चाहे कितने भी शातिर क्यों ना हो एक ना एक दिन पुलिस के हत्थे चढ़ जाते हैं इस कथन को सही साबित किया है आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के जामुडिया थाने की पुलिस ने बीते कुछ दिनों से जामुडिया थाना पुलिस ने एक के बाद एक शातिर अपराधियों को धर पकड़ा है जिसमें गांजा तस्कर हो या बाइक चोर के गिरोह इस बार पुलिस ने एक ऐसे शातिर अपराधियों को पकड़ा है जो महंगी चार चक्के गाड़ियों चोरी की हुई सस्ते दामों में बेचता था अंजर खान नामक एक अपराधी को हिरासत में लिया गया है. अपराधी पहले तो कारों को चोरी करता फिर फर्जी कागज बनाकर इसे कम दामों में बेच देता. इस बात की जानकारी प्रेस वार्ता कर एसीपी तथागता पांडे ने इस घटना की जानकारी दी. उन्होंने कहा एक गिरोह है जो इन सब कामों को कर रहा है हम लोग एक अपराधी को पकडे है आगे और जांच चल रही है. पुलिस इस अपराधी को पकड़ने के बाद इनके बाकी और नेटवर्क के बारे पता करने में जुट गई है ताकि उन्हें भी उनके गुनाहों की सजा दिलाई जा सके. मौके पर उपस्थित थे सी आई पार्थ सारथी, जामुडिया थाना प्रभारी सुब्रत घोष, उप प्रभारी विमल चंद्र पात्र, मिहिर दे, चुरुलिया फाड़ी प्रभारी दिब्येंदु मुखर्जी, श्रीपुर फाड़ी प्रभारी रंजीत बिस्वास, आदि उपस्थित थे

### रात्रि में घर में घुसकर कट्टे के दम पर लूट करने वाला 5000 के इनामी को

# पोरसा पुलिस ने किया गिरफ्तार 40000 का माल बरामद

**पोरसा//** पुलिसअधीक्षक अनुराग सुजानिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह एसडीओपी अंबाह अवनीश बंसल के निर्देशन मैं 28 अगस्त को पोरसा थाना प्रभारी अतुल सिंह के द्वारा मय फोर्स मुखबिर की सूचना पर अपराध क्रमांक 464 /20 धारा 458, 380 धारा 394.11/13 एमपी डी पी के एक्ट 25 27 आर्म्स एक्ट मैं फरार 5000 का इनामी बदमाश हीरो उर्फ विजय पुत्र राजेंद्र उर्फ राजेश सिंह तोमर निवासी मड़ोखर कोथरकला हाल धनेटा रोड पोरसा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सोने का हार कीमत करीब 40000 जप्त किया गया दिनांक 18. 7.20. की रात को रेनू तोमर के घर में दरवाजे का जंगला तोड़कर चार अज्ञात बदमाशों ने घुसकर कट्टा लगाकर सोने चांदी के जेवरात व 5000 हजार नगदी लूटी थी जिस पर थाना पोरसा में अपराध क्रमांक 464 /20 धारा 458 380 धारा 394 11 13 एमपी डीपीके एक्ट 25 27 आर्म्स एक्ट का मुकदमा कायम किया गया था अज्ञात आरोपी गणों में से तीन आरोपी गणों संदीप पुत्र रामप्रवेश तोमर गूंगे उर्फ सूरज पुत्र परशुराम सिंह तोमर विधु उर्फ विजय पुत्र रामप्रकाश सिंह तोमर को पूर्व में गिरफ्तार कर लूट गया सोने चांदी का जेवरात कीमत 120000 रुपए का जप्त किया गया था एवं आरोपी गणों को जेल भेजा गया था आरोपी हीरो उर्फ विजय घटना के वक्त से फरार था जिस पर पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा 5000 का इनाम घोषित किया गया था जिसे दिनांक 28.8 2020 को मुखबिर की सूचना पर धनेटा बंबा की पुलिया के पास से थाना पोरसा पुलिस द्वारा पकड़ा गया उक्त गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी अतुल सिंह उप निरीक्षक धर्मेंद्र मालवीय उप निरीक्षक नीलम यादव एसआई राजेश सिंह कुशवाह एएसआई केडी शर्मा आरक्षक अनिल दोहरे आरक्षक रवि बरैया आरक्षक कुलदीप दोहरे आरक्षक गजेंद्र लोधी आरक्षक नरेंद्र भदोरिया आरक्षक सुरेश कुमार साइबर सेल मुरैना आरक्षक अजीत साइबर सेल मुरैना आरक्षक प्रमोद लोधी आरक्षक प्रमोद कुशवाह महिला आरक्षक प्रियंका दिक्षित आरक्षक चालक मनोज की विशेष भूमिका रही।



### योगाभ्यास करने से लोग रहते हैं स्वस्थ हम सभी को करना चाहिए योग

**पोरसा //**आज खेल दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र मुरैना के जिला युवा समन्वयक श्री राकेश सिंह तोमर के निर्देशानुसार फिट इंडिया कार्यक्रम व खेल दिवस के बारे में युवाओं को जानकारी दी गई फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को योगा पीटी कराई गई कार्यक्रम का आयोजन मुरैना ब्लॉक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक हरिओम बाथम के द्वारा ग्राम पंचायत नूराबाद में किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षक श्री गोपीनाथ वैद्य रहे कार्यक्रम में मनीष माहौर दस इंद्र इमरान गौरव राठौर आशीष गुर्जर राजेश अरबाज खान विकास बाथम इरफान आदि लोग उपस्थित रहे।



# सोजत विधायक ने देवली कला गाव में की जनसुनवाई, किया पौधारोपण

**प्रेस - नारायणलाल सैणचा**

**पाली- ग्रामीणों ने देवली कला- पाटवा ग्रेवल सड़क निर्माण की मांग**

**देवली कला-सोजत विधायक शोभा चौहान ने शनिवार को रायपुर पंचायत** समिति के देवली कला के ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामीणो की जनसमस्याएं सुनी । जनसुनवाई कार्यक्रम में रायपुर मण्डल के नवनियुक्त मण्डल मंत्री प्रियंका देवासी ने विधायक का शॉल व कांता दैवी ने माला पहनाकर स्वागत किया गया । जनसुनवाई में ग्रामीणो द्वारा विधायक से वर्षो पुरानी मांग देवली कला से पाटवा कच्ची ग्रेवल सड़क को बनाने ,विद्यालत में 10 लाख के डॉम का कार्य शुरू करवाने सहित चोकीदार समाज की और से शमसान में टिन शेड का निर्माण व जवाड़िया कॉलोनी में पानी निकासी की समस्याओं से अवगत करवाया विधायक ने जल्दी अधिकारियो से बातकर समाधान करने का आश्वसन दिया । जनसुनवाई के बाद पंचायत परिसर में विधायक ने पौधारोपण करते हुए ग्रामीणो से एक-एक पौधा अवश्य लगाकर उसकी देखभाल करने की बात कही । जनसुनवाई के दौरान निवर्तमान सरपँच केशाराम सीरवी ,पंचायत समिति सदस्य चिमनलाल पंवार ,समाजसेवी रतनाराम भाना ,मण्डल अध्यक्ष बंशीलाल भाटी ,मण्डल मंत्री राकेश वैष्णव ,गजेसिंह ,दुर्गाराम देवासी ,ओमप्रकाश भाना ,सुनिल भंडारी ,पेमाराम पटेल ,नेमीचंद सीरवी ,नेमीचंद राठौड़ ,भवरलाल सुवासिया,अर्जुन देवासी , सहित ग्रामीण उपस्थित रहे

# कोरोना में डॉक्टर्स सबसे महत्वपूर्ण कड़ी : सतीश गुप्ता

### आओ मिलकर कुछ करें टीम ने किया सिविल अस्पताल लहार के कोरोना योद्धाओ को सम्मानित

**लहार( अर्पित गुप्ता)**

लहार नगर की सामाजिक संस्था आओ मिलकर कुछ करे टीम के द्वारा



सिविल अस्पताल लहार के सभी डॉक्टरों को कोरोना महामारी के समय कोरोना योद्धा की तरह कार्य करने पर साथ ही लहार सिविल अस्पताल को कायाकल्प सांत्वना पुरस्कार प्राप्त होने पर अस्पताल के सभी डॉक्टर को फूल माला और श्रीफल देकर किया सम्मानित।बीएमओ डॉक्टर धर्मेंद्र श्रीवास्तव जी ने कहा कि लहार को प्रदेश का नंबर वन सिविल अस्पताल बनाएंगे इस पर सतीश गुप्ता ने कहां की हमारी सामाजिक संस्था आओ मिलकर कुछ करें के द्वारा सिविल अस्पताल लहार के साथ हर प्रकार के सामाजिक कार्य एवं अस्पताल से संबंधित सामाजिक कार्य में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे आज इस कार्य में प्रमुख रूप से टीम के सदस्य दीपक शर्मा पतंजलि ,मनोज शास्त्री,अरविंद आर्य ,संजीव चौधरी पत्रकार ,रविंद्र कौरव सर, संतोष शर्मा,आदर्श सिंह , आंदोलन झा,शिवम राजावत, अंकित राजावत,रविंद्र प्रजापति, आशीष दोहरे,सोनल दोहरे, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नप दबोह ने गन्दगी भारत छोड़ो अभियान के तहत निकाली रैली

### रैली निकाल व पर्चे बांटकर किया जनता को जागरूक

**दबोह( अर्पित गुप्ता)**

शासन की मंशानुसार दबोह नगर परिषद में शासन के द्वारा



चलाया जा रहा अभियान भारत छोड़ो गन्दगी के अंतिम चरण में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एन आर खेंगर ने समस्त स्टाफ समेत रैली निकालकर जनता को जागरूक किया।इसी के साथ उन्होंने नगर में मुनादी कराई व पर्चे बांटकर आमजनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।इस दौरान मुख्य नप अधिकारी एन आर खेंगर ने आम जनता से स्वच्छता के प्रति अपील करते हुए कहा कि सभी लोग कचड़ा गाड़ी आने के बाद ही उनमें बने सूखे व गीले कचड़े के अलग अलग बॉक्स में ही अपना कचड़ा डालें।यहां वहां कचड़ा न फैलाते हुए उसे एक जगह एकत्रित करें क्यों कि जब हम स्वच्छ होंगे तब जाकर हमारा नगर स्वच्छ होगा।इसी तारम्भ में उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,शुलभ कॉम्प्लेक्स व नगर के कई हिस्सो में गन्दगी भारत छोड़ो अभियान के तहत विशेष साफ सफाई अभियान चलाया व इस दौरान गरीव लोगो को मास्क वितरित भी किये गए।





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के विभिन्न अंचलों में हुई

# अतिवृष्टि और बाढ़ से निर्मित स्थिति की समीक्षा की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में बनी अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति से कोई जनहानि न हो, यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य भी है और धर्म भी। उन्होंने विशेष रूप से भोपाल, होशंगाबाद तथा जबलपुर संभाग में आगामी 48 घंटों में बन रही अतिवृष्टि की संभावनाओं को देखते हुए, जिला प्रशासन को निरंतर सतर्क रहने के निर्देश दिए। आवश्यकता होने पर सेना और वायुसेना की मदद ली जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, नावों, गोताखोरों तथा उपकरणों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करें। निचली बस्तियों में पानी भरने की आशंकाओं को देखते हुए लोगों को समय रहते राहत शिविरों में शिफ्ट किया जाए। शिविरों में कोरोना से बचाव की सभी सावधानियाँ बरती जाएं। अतिवृष्टि तथा बाढ़ से प्रभावित व्यक्ति डायल-100 तथा फोन नं. 1079 पर मदद के लिए संपर्क कर सकते हैं। नर्मदा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर और

## अतिवर्षा की स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक संपन्न आवश्यक होने पर सेना तथा वायुसेना की मदद ली जाएगी

विभिन्न बांधों के गेट खुलने तथा सहायक नदियों से आ रहे पानी के कारण होशंगाबाद, शाहगंज तथा बरेली में जिला प्रशासन को आगामी 10 दिन के लिए मुस्तैद रहने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैठक में डूब में आने वाले संभावित निचले इलाकों की जिलावार जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में बनी अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक में संभागवार स्थिति पर चर्चा हुई। बैठक में जानकारी दी गई की भोपाल, होशंगाबाद तथा जबलपुर संभाग में निरंतर अतिवर्षा जारी है तथा अगले 48 घंटों में भी वर्षा की संभावना है। साथ ही सागर तथा उज्जैन संभाग भी वर्षा से प्रभावित हैं। ग्वालियर संभाग भी इससे प्रभावित होगा। प्रदेश के सभी बांध लगभग भर गए हैं। तवा डेम के 13 में 13 गेट खोले गए हैं, इंदिरा सागर बांध के 22 गेट, ओंकारेश्वर में 23 में से 21 गेट, राजघाट बांध पर 18 में से 14 गेट, बरगी बांध 21 में से 17 गेट खोले गए हैं। सरदार सरोवर बांध भी हाई लेवल से 7 मीटर नीचे है। मण्डला तथा पेंच बांध के भी गेट खोले गए हैं। जबलपुर संभाग में छिंदवाड़ा और नरसिंहपुर में सबसे अधिक बारिश हुई है। छिंदवाड़ा के बेलखेड़ा में 150 लोगों को सुरक्षित केम्प में पहुँचाया गया। यहां बाढ़ में फंसे मधु कहार को सुरक्षित निकाला गया। नर्मदा नदी की सहायक नदियों से आ रहे पानी के कारण जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। इन्दौर संभाग में सर्वाधिक वर्षा खण्डवा में दर्ज की गई है। सागर संभाग के दमोह, छतरपुर, निवाड़ी भी अतिवर्षा से प्रभावित हैं तथा राहतगढ़ में कुछ परिवारों को कैम्प पहुँचाया गया है।

अतिवर्षा और बाढ़ में सतर्कता व सावधानी जरूरी

# चिंतित न हों, विचलित न हों- सरकार साथ है : मुख्यमंत्री

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संकट के बीच अतिवर्षा का एक और संकट आया है। प्रदेश के बड़े हिस्से में बाढ़ जैसी स्थितियाँ निर्मित हो रही हैं। माँ नर्मदा जी और उनकी सहायक नदियाँ इस समय उफान पर हैं। बाँधों से चूंकि लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे तेजी से जलस्तर बढ़ रहा है। होशंगाबाद में तो नर्मदा जी 973 फीट पर हैं। खतरे का निशान 964 फीट है और अभी 48 घंटे भारी वर्षा की आशंका है। लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। इस घड़ी में चिंतित न हो, विचलित न हो। जहां-जहां जरूरी है वहां राहत के, सुरक्षा के, बचाव के सारे कार्य किए जाएंगे। हमारी एसडीआरएफ की टीमें सक्रिय हैं। जहां जरूरत है वहां एनडीआरएफ भेज रहे हैं। सेना को हमने सतर्क किया है। आज छिंदवाड़ा के बेलखेड़ा में फंसे मधु कहार को निकाला गया है। बोट, अन्य उपकरण सामग्रियाँ सबकी व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कुछ जगह निचली बस्तियों में पानी भर रहा है, इनमें होशंगाबाद, बरगी, शाहगंज मुख्य हैं। अभी तक 16 गांव ऐसे है जहां बाढ़ का पानी घुसने की स्थिति है। ऐसे भाई-बहन चिंतित न हो, उनको सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा है। ऐसे इलाकों में रहने वाले बहनों और भाईयों से मेरी अपील है बिना किसी जिद के तत्काल निचले स्थान छोड़ देना चाहिए। प्रशासन सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहा है, तत्काल जाना चाहिए। वहां भोजन, पीने का पानी सबका इंतजाम किया जाएगा। कोरोना संकट को देखते हुए भी आवश्यक व्यवस्थाएं बनाई जाएंगी। प्रशासन सचेत कर रहा है। गांव में शहरों में भी हाई अलर्ट घोषित किया गया है। सुरक्षा के पूरे इंतजाम हैं।

## अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में मुख्यमंत्री ने दिया प्रदेशवासियों के नाम संदेश

जिलों की आपदा प्रबंधन टीमें सक्रिय हैं। जिलों के और राज्य स्तर के कंट्रोल रूम चौबीसों घंटों काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि वर्षा और बाढ़ से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर तत्काल इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दें। डायल-100 और दूसरे 1079 नंबर पर किसी भी प्रकार की सहायता के लिए या आपात स्थिति में कॉल करें। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हैलीकाप्टर, गोताखोर, बोट आदि सभी के पुख्ता इंतजाम हैं। जरूरत पड़ने पर सेना भी बुला ली जाएगी। सड़क पुल-पुलिया पर बाढ़ का पानी होने पर आप उसे पार न करें, बचें इसमें बहादुरी न दिखाएं। इससे संकट में फंसते हैं। अतिवर्षा की स्थिति में पिकनिक पर नहीं जाएं, डैम, झरने आदि पर जाने का मोह छोड़ें, क्योंकि सावधानी में ही सुरक्षा है। बांधों के गेट खोलने के पूर्व प्रशासन द्वारा नागरिकों को सूचित किया जा रहा है। कृपया अपनी सुरक्षा के लिए प्रशासन की सूचनाओं को गंभीरता से लें। चिंता न करें, हम आपके साथ खड़े हैं, सरकार साथ खड़ी है।

## म.प्र. भू-संपदा अपीलीय अधिकरण में हुई ऑनलाइन लोक अदालत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भू-संपदा अपीलीय अधिकरण, भोपाल (रिएट) में 29 अगस्त को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से ऑनलाईन लोक अदालत आयोजित की गयी। लोक अदालत के लिये गठित खण्डपीठ के न्यायमूर्ति श्री सुभाष काकड़े एवं सदस्य अधिवक्ता श्री हिमांशु राय एवं श्री जितेन्द्र जादवानी के समक्ष कुल 8 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। इनमें से श्री कृष्णा बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स विरूद्ध डॉ. रविन्द्र चतुर्वेदी, मैसर्स प्रशांत सागर बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स विरूद्ध सैयद सलीम हैयदी एवं एम.पी. हाउसिंग विरूद्ध सिद्धार्थ अग्रवाल कुल 3 प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। प्रकरण क्र. 150/2018 श्री कृष्णा बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स विरूद्ध डॉ. रविन्द्र चतुर्वेदी के अधिवक्ता श्री दीपक पंजवानी द्वारा उनके जबलपुर स्थित कार्यालय से वीडियो कांफ्रेसिंग पर की गई चर्चा के उपरांत उनके द्वारा ई-मेल के माध्यम से अपनी सहमति भेजी गई।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंत्री श्रीमती सिंधिया ने दी बधाई

**भोपाल ।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने



हॉकी के जादूगर, भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जंयती पर उन्हें नमन कर श्रद्धाजंलि दी है। श्रीमती सिंधिया ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा है कि आप सभी खेल की दुनिया में हमारे देश को लगातार गौरवान्वित करते रहे, मेरी शुभकामनाँए है। उन्होंने कहा कि खेल दिवस पर आज राष्ट्रीय खेल अंलकरण में म.प्र. के मलखम्भ प्रशिक्षक श्री योगेश मालवीय को द्रोणाचार्य पुरस्कार से नवाजा गया है तथा म.प्र. के पैरा तैराक श्री सतेन्द्र एस. लोहिया को प्रतिष्ठित तेनजिंग नोर्गे साहसिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह प्रदेश के लिये गौरव की बात है।

**राष्ट्रीय खेल पुरस्कार**-राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने मध्यप्रदेश के मलखम्भ प्रशिक्षक श्री योगेश मालवीय को दोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी समारोह में राष्ट्रपति ने मध्यप्रदेश के पैरा तैराक श्री सतेन्द्र एस. लोहिया को तेनजिंग नोर्गे साहसिक पुरस्कार से सम्मानित किया। कोविड-19 संक्रमण के कारण यह पुरस्कार भोपाल में विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री पंकज राग, संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्री पवन कुमार जैन तथा साई के क्षेत्रीय निदेशक श्री राजिन्दर सिंह उपथित थे।

## भूतपूर्व सैनिक अपने बच्चों की छात्रवृत्ति के फॉर्म 31 अक्टूबर तक जमा करें

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से.नि. कमांडर राम विशाल यादव ने ग्वालियर एवं दतिया जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों /विधवाओं को सूचना दी है कि वे अपने बच्चों की छात्रवृत्ति से संबंधित आवेदन (फॉर्म) कार्यालयीन समय में 31 अक्टूबर 2020 तक जमा करावें उक्त तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

# ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से मनाया जायेगा शिक्षक दिवस

**भोपाल।** प्रतिवर्ष भारत के राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म-दिवस 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस का आयोजन समारोहपूर्वक किया जाता है। कोविड संक्रमण के चलते इस वर्ष शिक्षक दिवस समारोह वेबिनार के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित किया जायेगा।

**शिक्षक संगोष्ठी**-शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में जिला, संभाग और राज्य स्तर पर शिक्षक संगोष्ठी का वेबिनार के माध्यम से ऑनलाइन आयोजन किया जायेगा। प्रदेश में जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर म.प्र. में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन विषय पर संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। जिला स्तर पर 31 अगस्त को, संभाग स्तर पर एक सितम्बर को एवं राज्य स्तर पर 4 सितम्बर को संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। संगोष्ठी में जिला स्तर पर चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर चयनित शिक्षकों द्वारा संभाग स्तरीय संगोष्ठी में एवं संभाग स्तर पर चयनित प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर चयनित शिक्षक राज्य स्तरीय संगोष्ठी में सहभागिता करेंगे। राज्य स्तरीय संगोष्ठी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त शिक्षकों द्वारा 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर

## तीन स्तर पर होंगी शिक्षक संगोष्ठी

वेबिनार के माध्यम से हो रहे समारोह में सहभागिता की जायेगी।

**राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का सम्मान**-शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2019 से सम्मानित अध्यापक डॉ. ललित मेहता को जिला स्तरीय कार्यक्रम में शाल-श्रीफल एवं 11 हजार रुपये का ड्रॉफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

**राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार**-राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का सम्मान शिक्षक दिवस पर जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोह में किया जायेगा। राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र, शाल-श्रीफल एवं 25 हजार रुपये नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

## सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री का मालनपुर दौरा

**भोपाल।** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया 30 अगस्त 2020 को भिण्ड जिले के भ्रमण पर रहेंगे। वे प्रातः 11:30 बजे भिण्ड जिले के मालनपुर पहुँचेंगे। दोपहर बाद 3 बजे मालनपुर जिला भिण्ड से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की मादा हाथी की करंट लगने से मृत्यु

**भोपाल।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पनपथा परिक्षेत्र की गंगीताल बीट के अंतर्गत निर्मित तालाब की मेड़ से गुजर रही एक मादा हाथी की 11 केबी विद्युत लाइन के सम्पर्क में आ जाने के कारण करंट से मृत्यु हो गई है। बांधवगढ़ रिजर्व के क्षेत्र संचालक श्री बिन्सेट रहीम ने बताया कि तकरीबन 15-20 हाथियों का एक दल 28 अगस्त की रात से गंगीताल गाँव के समीप से वन क्षेत्र में जा रहा था। हाथी दल की मॉनीटरिंग के लिये बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व दल भी पीछे था। रात्रि लगभग एक से डेढ़ बजे के बीच हाथियों का दल कक्ष क्रमांक 433 में निर्मित तालाब से गुजरा। इसी दौरान एक मादा हाथी मेड़ पर चढ़कर जाने का प्रयास करने लगी। मेड़ पार करते समय मादा हाथी की सूँड़ ऊपर से गुजर रही 11 के.व्ही. लाइन के तारों को छू गई।श्री रहीम ने बताया कि हाथी अनुश्रवण दल द्वारा मौके पर जाकर देखा तो मादा हाथी की साँस चल रही थी परंतु कुछ देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। दल के कर्मचारियों ने तुरंत परिक्षेत्र अधिकारी पनपथा को सूचित किया, जो रात को ही मौके पर पहुंचे और मौका निरीक्षण के बाद उसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। क्षेत्र संचालक ने अन्य अधिकारी और टाईगर रिजर्व के पशु चिकित्सक डॉ. नितिन गुप्ता के साथ शनिवार सुबह घटना स्थल पर पहुँचकर अपने समक्ष मादा हाथी का पोस्ट मार्टम करवा कर अवयवो के सैंपल सील करवाकर गए। पोस्टमार्टम के बाद मादा हाथी के शव को निर्धारित औपचारिकताओं की पूर्ति कर जेसीबी से गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें नमक और चूना डालकर गढ़वाया गया। इसकी सूचना भी मुख्य वन प्राणी अभिरक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी एवं सांसद श्री शेजवलकर एक सितंबर को करेंगें पात्रता पर्ची का वितरण

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत सम्मिलित 25 श्रेणियों के नवीन सत्यापित एवं वर्तमान में सम्मिलित हितग्राहियों में से छूटे हुए सदस्यों को पात्रता पर्ची का वितरण एक सितंबर 2020 को बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी एवं सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत सम्मिलित 25 श्रेणियों के नवीन सत्यापित एवं वर्तमान में सम्मिलित हितग्राहियों में से छूटे हुए सदस्यों को पात्रता पर्ची का वितरण एक सितंबर 2020 को किया जाकर उनको लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोड़ा जाना है। इस संबंध में एक सितंबर 2020 को सिटी सेंटर स्थित बाल भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लगभग 200 हितग्राहियों को बुलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में कुल उपस्थित व्यक्तियों की संख्या 200-300 होगी जिसमें 200 हितग्राही एवं अन्य आमंत्रित सदस्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी लोग मास्क एवं हैण्ड सेनेटाईजर का उपयोग करें जिनके पास मास्क नहीं है उनकों कार्यक्रम स्थल पर मास्क उपलब्ध करावाए जाएंगे। पात्रता पर्ची एवं राशन सामग्री का वितरण सितंबर माह की पात्रता अनुसार 5 किलो प्रति सदस्य खाद्यान्न एवं एक किलो नमक का प्रदाय किया जाएगा। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अन्तर्गत 5 किलो प्रति सदस्य खाद्यान्न एक किलो दाल निःशुल्क प्रदान किया जाए। शेष रहे नवीन स्वीकृत हितग्राहियों के लिए एक सितंबर से 15 सितंबर तक नगरीय क्षेत्र के वार्डों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में पात्रता पर्ची एवं राशन सामग्री का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में वार्डवार हितग्राहियों की सूची तैयार कर कलेक्टर को उपलब्ध कराई जाए , ताकि 15 सितंबर तक सभी चयनित हितग्राहियों को पात्रता पर्ची प्राप्त हो सके।

## चार आदतन अपराधी जिला बदर , एक अपराधी को थाने में देना होंगा बंध पत्र

**ग्वालियर।** आपराधिक गतिविधियों में लिप्त जिले के पाँच आदतन अपराधियों के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की गई है। इनमें से 4 अपराधियों को जिला बदर किया गया है। साथ ही एक अपराधी को सदाचार बरतने के लिए 50 हजार रूपए का बंध पत्र संबंधित पुलिस थाने में प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा हर माह की पहली एवं 15 तारीख को संबंधित पुलिस थाने में हाजिरी भी देनी होगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने लोक शांति एवं जनसुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की है। जिला बदर किए गए अपराधियों को 6 माह की अवधि के लिए ग्वालियर जिला सहित समीपवर्ती भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी व दतिया जिले की सीमा से बाहर चले जाने के आदेश दिए गए हैं। इन जिलों की सीमाओं से बाहर जाने के बाद आरोपियों को अपने निवास स्थान की सूचना प्रतिमाह रजिस्टर्ड डाक से संबंधित पुलिस थाना को अनिवार्यतः देनी होगी। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आदतन अपराधी दीपू उर्फ दीपक चौहान निवासी ईश्वर विहार कॉलोनी गुढ़ी गुढ़ा का नाका को पुलिस थाना माधौगंज में 50 हजार का बंध पत्र प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। इन आदतन अपराधियों को किया जिला बदर जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर के आदेश पारित किए हैं उनमें रिंकू कांकर उर्फ सतीश निवासी ग्राम आरौली जिला भिण्ड हाल निवास काशीपुरा थाना क्षेत्र मुरार, चूं-चूं उर्फ भरत निवासी ग्राम अरौली थाना क्षेत्र उटीला, गोपाल दास निवासी खुर्जेवाला मोहल्ला दौलतगंज तथा आशीष उर्फ बारीक निवासी नदी पार टाल मुरार जिला ग्वालियर शामिल है।

# जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की बैठक में हुई विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

**ग्वालियर।** जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की बैठक प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा भुजबल सिंह यादव की अध्यक्षता में गत दिवस आयोजित हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को पाठ्क पुस्तकों का वितरण किया जा चुका है। छात्र-छात्राओं को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह द्वारा बनाये गए गणवेश का वितरण किया जावेगा। प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष द्वारा बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान जिला स्तर से स्वीकृत निर्माण कार्यों का परीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए गये। जिला पंचायत की प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव ने कोविड-19 महामारी के दौरान बीमारी से बचाव के लिए एवं अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किये गये कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कोरोना काल में निरंतर सभी अपने दायित्व के प्रति सजग रहें। वर्षाकाल मंर ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत खम्बे टेढे-मेढे होने के कारण विद्युत सप्लाई में आ रही रूकावट में सुधार के लिए उन्होने विघुत वितरण कम्पनी के अधिकारी को निर्देशित किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान प्रस्ताव के आधार पर आवश्यकतानुसार ग्रामीण क्षेत्र में नवीन नलकूप खनन कराये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जल संसाधन विभाग, वन विभाग, खाद्य विभाग की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम, सदस्य श्री गिर्राज धाकड, श्री सरदार सिंह परिहार व अन्य सदस्यों के अलावा प्रधान प्रशासकीय समिति जनपद पंचायत भितरवार एवं जिले के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. विजय दुबे द्वारा किया गया।

## उत्कृष्ट दिव्यांग कलाकार शासकीय कार्यक्रमों में देंगे प्रस्तुति

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा संस्कृति विभाग को प्रदेश के 89 दिव्यांग कलाकारों की सूची भेजकर विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों में इनकी प्रस्तुति को भी शामिल करने का अनुरोध कियागया है। प्रदेश में ऐसे अनेक दिव्यांग कलाकार हैं जिन्हें शास्त्रीय गायन, नृत्य या अन्य विधा में महारथ हासिल है। शासन द्वारा सभी जिलों से ऐसे कलाकारों के नाम मंगवा कर जानकारी संकलित की जा रही है। आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण श्रीमती रेणु तिवारी ने बताया कि इससे प्रदेश के उत्कृष्ट दिव्यांग कलाकारों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन संस्कृति विभाग के प्रतिष्ठित मंच से करने का अवसर मिलेगा। साथ ही कोविड-19 जैसी महामारी के समय उनकी आय भी हो सकेगी। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने से एक पहचान मिलने के साथ इन्हें आर्थिक आय भी हो सकेगी।

# पैरा-स्वीमर सतेन्द्र सिंह तेनजिंग नोर्गे अवार्ड पाने वाले देश के पहले दिव्यांग खिलाड़ी बने

**भोपाल।** समाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने आज राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द द्वारा मध्यप्रदेश के पैरा-तैराक श्री सतेन्द्र सिंह लोहिया को तेनजिंग नोर्गे साहसिक पुरस्कार और मलखम्भ प्रशिक्षक श्री योगेश मालवीय को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी है। कोविड-19 के कारण यह पुरस्कार विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खिलाड़ी द्वय को भोपाल में दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री पंकज राग भी उपस्थित थे।

सतेन्द्र सिंह यह अवार्ड पाने वाले देश के पहले दिव्यांग खिलाड़ी बन चुके हैं। श्री लोहिया अमेरिका में 42 किलोमीटर की केटलीना चैनल सिर्फ 11:34 घंटे में तैरकर पार करने वाले पहले एशियाई दिव्यांग तैराक बने थे। चैनल में पानी का तापमान लगभग 12 डिग्री होने के साथ ही शार्क मछलियों के हमले का खतरा भी बना रहता है। दिन में तेज चलने वाली हवाओं से बचने के लिये श्री लोहिया ने यह चैनल रात में पार किया, जो एक बड़ी चुनौती थी। ग्वालियर जिले के ग्राम गाता के रहने वाले श्री लोहिया के पिता श्री गयाराम लोहिया वर्तमान में ग्वालियर के मुथूट फायनेंस में सिक्यूरिटी गार्ड हैं। श्री लोहिया इंदौर में वाणिज्यिक कर विभाग में कार्यरत हैं। श्री लोहिया कहते हैं मैंने अपनी दिक्कतों को ही अपनी ताकत बना लिया है। दिव्यांगों को सहानुभूति की नहीं, सहयोग और सम्मान की जरूरत होती है। विश्व दिव्यांग दिवस पर उप राष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू द्वारा सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी नेशनल अवार्ड से सम्मानित पैरा-स्वीमर श्री सतेन्द्र सिंह को मध्यप्रदेश के सर्वोच्च खेल अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। श्री सतेन्द्र सिंह लोहिया ने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ओलम्पिक स्वीमिंग एनएसडब्ल्यू-2017 स्टेट ओपन चैम्पियनशिप में भारत के लिये स्वर्ण-पदक जीता। उन्होंने मई-2017 में ओपन वाटर सी-स्वीमिंग फीट ऑफ 33 किलोमीटर को पार किया। श्री लोहिया ने 24 जून, 2018 को इंग्लिश चैनल स्वीमिंग में पैरा-स्वीमिंग रिले टीम के माध्यम से कीर्तिमान स्थापित किया और 18 अगस्त, 2019 को कैटलीना इंग्लिश चैनल पार कर इतिहास रचा। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में श्री सतेन्द्र ने मध्यप्रदेश के लिये 12 रजत एवं 8 काँस्य-पदक हासिल किये हैं।

## निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने दी बधाई

ग्वालियर, रविवार 30 अगस्त 2020

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## भारत को तरजीह

# परीक्षा तय

सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालयों के अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को हरी झंडी दिखाते हुए न केवल साहसिकता का परिचय दिया है, बल्कि शिक्षा में परीक्षा के महत्व को भी स्थापित किया है। कोरोना के समय देश भर के कॉलेजों में जहां बाकी वर्षों के विद्यार्थियों को प्रमोट कर दिया गया, वहीं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षा रुकी हुई है। अंतिम वर्ष की परीक्षाओं में कई महीनों की देरी पहले ही हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के अनुसार, कोई राज्य सितंबर महीने तक इन परीक्षाओं को टाल सकता है, लेकिन बिना परीक्षा किसी को उपाधि नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से संकेत मिलता है कि विश्वविद्यालयों को हर हाल में इसी साल अंतिम वर्ष की परीक्षा लेनी पड़ेगी। कोई राज्य परीक्षाओं को स्थगित कर सकता है, लेकिन रद्द नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट के लिए यह फैसला आसान नहीं था, लेकिन जब कोर्ट में जेईई और नीट को मंजूरी मिल गई, तो अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को रोकने के तर्क कमजोर पड़ गए। यह फैसला प्रत्याशित था, लेकिन इससे राज्यों की चिंता बढ़ जाएगी। अनेक याचिकाओं में कोविड-19 की वजह से परीक्षा रद्द करने की मांग की गई थी। परीक्षा रद्द करने के समर्थकों का कहना है कि अंतिम वर्ष के जो विद्यार्थी दो, तीन या चार वर्ष की परीक्षाएं पहले दे चुके हैं, उन्हें उनके पूर्व प्रदर्शन के आधार पर अंतिम वर्ष के लिए भी अंक देते हुए उपाधि दी जा सकती है। इसके खिलाफ तर्क यह है कि अंतिम वर्ष की विशेषता और परीक्षा के महत्व को खत्म न किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम वर्ष की परीक्षा के महत्व को ही सिद्ध किया है और शैक्षणिक लिहाज से गुणवत्ता बनाए रखने के लिए यह जरूरी भी है। कोर्ट ने फैसला सुना दिया कि आंतरिक आकलन पर्याप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एमआर शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए फैसला सुनाते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के महत्व और काम को भी बढ़ा दिया है। अगर राज्यों को लगता है कि वे अभी परीक्षा आयोजित नहीं कर सकते, तो वे राहत के लिए यूजीसी से संपर्क कर सकते हैं। यूजीसी ने अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को रद्द करने के दिल्ली और महाराष्ट्र सरकार के फैसलों पर सवाल उठाए थे। यूजीसी भले ही शिक्षा के मानकों को बचाने में जुटा है, लेकिन यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि भारत में कोरोना के मामले 34 लाख के करीब पहुंच गए हैं और अब प्रतिदिन मरने वालों की संख्या 1,000 के पार चल रही है, तब राज्यों के लिए विश्वविद्यालयों में परीक्षा कराना जेईई और नीट के आयोजन से भी बड़ी चुनौती होगी। केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के विगत कुछ फैसलों से साफ हो गया है कि ये दोनों प्रतिष्ठान भविष्य की ओर दृढ़ता और साहस के साथ देख रहे हैं, लेकिन वास्तविक चुनौती का सामना राज्य सरकारों को करना है, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सितंबर में परीक्षा कराने से मना कर दिया है और अपने शिक्षा मंत्री को यह निर्देश दिया है कि वह संबंधित संस्थानों से बात कर आगे की राह निकालें। क्या ऑनलाइन या ऑफलाइन परीक्षाएं संभव हैं? कुल मिलाकर, अब हरेक राज्य सरकार को परीक्षाओं के आयोजन में ऐसे इंतजाम करने होंगे, ताकि परीक्षा कराने के फैसले पर किसी को पछताना न पड़े।

# आपकी नब्ज पर उनकी पकड़

सोवियत संघ के मशहूर लेखक अलेक्जेंडर सोल्झेनीत्सन ने द गुलॉग आर्किपेलगो में एक काल्पनिक किस्सा बयान किया था। आप भी सुनिए- तानाशाह जोसेफ स्टालिन भाषण दे रहा था। सभागार में बैठे सभी श्रोता दत्तचित्त होकर सुन रहे थे। उनकी आंखें विभोर हुई जा रही थीं। भाषण खत्म हुआ, लोग सम्मानपूर्वक उठ खड़े हुए, तालियां बजने लगीं। आमतौर पर यह करतल ध्वनि कुछ सेकंड में रुक जाती, मगर वहां स्टालिन खुद मौजूद था, लिहाजा तालियां बजती रहीं। लोगों के हाथ दुखने लगे, सिर चकराने लगे, पर सबको इंतजार था कि कोई और रुकने की पहल करे। श्रोताओं की भीड़ में कागज फैक्टरी का एक निदेशक भी था। उसने सबसे पहले ताली बजानी बंद की और अपनी कुरसी पर बैठ गया। अन्य लोगों ने तत्काल उसका अनुसरण किया। उसी रात कागज फैक्टरी के निदेशक को घर से उठा लिया गया। उसे अब अपनी शेष जिंदगी साइबेरिया के बर्फीले कैदखाने में गुजारनी थी। कल्पना करें, अगर स्टालिन के पास यह जानने का जरिया होता कि कौन मन से उसको सुन रहा है और कौन बेमन से, तब क्या होता?

मौजूदा वक्त में तमाम बुद्धिजीवी इस खतरे से धरती के प्राणियों को आगाह कर रहे हैं। वजह यह है कि कोरोना के कारण संसार के तमाम देशों में तरह-तरह के एप अनिवार्य कर दिए गए हैं। इन एप के जरिए जो डाटा जुटाया जा रहा है, अगर वह चिकित्सा विज्ञान के अलावा कहीं और उपयोग में लाया गया, तो तबाही फैल सकती है। इस तर्क के हिमायती मानते हैं कि अब तक लोगों की निगरानी दैहिक मूवमेंट और सोशल मीडिया पर व्यक्त किए गए विचारों के जरिए की जाती थी। ऐसा पहली बार हो रहा है, जब निजी कंपनियों के पास आपकी देह के अंदर की हलचल पहुंच रही है। कौन रक्तचाप का मरीज है, किसे मधुमेह है, किसने कब सर्जरी कराई, कौन किस रोग से ग्रस्त है, किस व्यक्ति का शरीर मौसमी उतार-चढ़ाव या अन्य किसी क्रिया पर कैसी प्रतिक्रिया करता है ! इसी वजह से आशंका जताई जा रही है कि जिन देशों में भारत जैसा खुला लोकतंत्र अथवा स्वतंत्र न्यायपालिका नहीं है, वहां इसका भीषण दुरुपयोग किया जा सकता है। कल्पना करें, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन यह जान सकें कि उनकी मंत्रिपरिषद के कितने लोग समर्पण भाव से उनके साथ हैं और कितने मजबूरी में, तब क्या होगा? यही नहीं, उन्हें इसका भान हो सके कि नागरिकों का रक्तचाप या दिल की धड़कनें किन सरकारी घोषणाओं पर कैसे बढ़ीं अथवा सामान्य रहीं, कितने प्रतिशत लोग खुश रहे और कितने नाखुश। असंतुष्ट जन क्या किसी खास इलाके या समुदाय के हैं अथवा छितराए हुए, तब वह क्या करेंगे? जो लोग ग्लोबलाइजेशन के पतन और राष्ट्रवाद के उदय की



भविष्यवाणी कर रहे हैं, वे तो लोकतांत्रिक देशों के नागरिकों को भी इससे अछूता नहीं मान रहे। खुद हमारे देश में फेसबुक को लेकर बहस पुरगर्म है। उसकी भारत स्थित प्रभारी आंखी दास के विरुद्ध रायपुर में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे से सींग लड़ाए हुए हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि संसद के अगले सत्र में इस मामले पर गरमागरम बहस सुनाई दे। इससे पहले आरोग्य सेतु एप पर भी आरोप लगे थे, मगर आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने आश्वस्त किया कि आपका डाटा पूरी तरह सुरक्षित है और मामला ठंडा पड़ गया। ध्यान रहे। फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का विवादों से पुराना नाता है। साल 2004 में फेसबुक वजूद में आया था। एक साल बाद ही दिसंबर 2005 में इस पर आरोप लगने शुरू हो गए थे कि इसके यूजर्स का डाटा असुरक्षित है। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के दो शोधार्थियों ने 70 हजार फेसबुक यूजर्स का डाटा डाउनलोड कर इस आशंका को सच साबित कर दिया था कि इस प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग 'डाटा माइनिंग' के लिए किया जा सकता है। नवंबर 2011 में तो सनसनी ही फैल गई, जब लोगों को मालूम पड़ा कि फेसबुक उन लोगों की भी खोज-खबर ले रहा है, जिनका अकाउंट इस प्लेटफॉर्म पर नहीं है। बेल्जियम में तो बाकायदा इस पर मुकदमा चला और वहां के प्राइवेसी कमिश्नर ने इसे अपने कानून का गंभीर उल्लंघन मानते हुए आदेश दिया कि अगर नॉन-यूजर्स की निगरानी बंद नहीं की गई, तो कंपनी को रोजाना दो लाख इक्यावन हजार पौंड का जुर्माना भरना पड़ेगा। ऐसा नहीं है कि इसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संचालक दोषी हैं। पिछले ही महीने जो बिडेन, बराक ओबामा, बिल गेट्स समेत कई नामचीन अमेरिकियों के ट्विटर अकाउंट हैक कर लिए गए थे। हैकर्स ने उनके निजी संवादों की पड़ताल की थी, जिससे तूफान उठ खड़ा हुआ था। बाद में कंपनी के सीईओ जैक डोर्सी को इसके लिए सार्वजनिक तौर पर क्षमा याचना करनी पड़ी थी। यहां कैंब्रिज एनालिटिका की चर्चा जरूरी है। इस कंपनी पर आरोप लगा था कि उसने सुनियोजित तरीके से 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर असर डाला। आरोप लगाने वालों का दावा था कि उस कंपनी ने लगभग साढ़े आठ करोड़ फेसबुक यूजर्स के खातों की अवैध तरीके से निगरानी की। इसके जरिए पता लगाया जा सका कि आम अमेरिकी के मन-मस्तिष्क में कैसा मंथन चल रहा है, उसे कैसे नेतृत्व की जरूरत है और वह किन नीतियों का तलबगार है? इन आरोपों को भले ही प्रमाणित न किया जा सका हो, पर यह सच है कि इससे आशंकाओं के नए पठार उग आए। फेसबुक को तो इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। उसके शेयर जमींदोज हो गए और महज एक दिन में उसे 119 अरब डॉलर का झटका लगा। इजरायल के हाइफा विश्वविद्यालय के शोधार्थी गैब्रिएल बाइमन ने तो नब्बे के दशक के मध्य में ही इस बहस को जन्म दिया था। उन्होंने गहन शोध के बाद पाया था कि आतंकी संगठन अपनी 90 फीसदी भर्तियां इन्हीं सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए करते हैं। आपने किन विषयों को पढ़ा, कौन से वीडियो देखे, कैसे विचार व्यक्त किए, अपने प्रिय एवं परिजनों से कैसे संदेशों का आदान-प्रदान किया, इन सबके अध्ययन के जरिए वे पहले नौजवानों के दिमाग में झांकते हैं। इससे उन्हें नफरत के बीज बोने में आसानी हो जाती है। आईएसआईएस की सिर कलम करने वाली टीम का अगुआ जेहादी जॉन भी इसी माध्यम से ब्रिटेन से कुवैत होते हुए सीरिया पहुंचा था। तमाम भारतीय नौजवान भी इसी तरह पथभ्रष्ट किए गए थे। अब जब मामला सोशल मीडिया की चौहद्दियां पार कर आपकी देह के अंदर पहुंच गया है, तो इस बात की गारंटी कौन लेगा कि यह डाटा किसी आतंकवादी संगठन, अराजकतावादी समूह, तानाशाही प्रवृत्ति की सरकार, मदमत्त सरकारी अफसरों अथवा लोलुप दवा कंपनियों के लिए नए दरवाजे नहीं खोलेगा? यहां जॉर्ज ओरवेल और उनके उपन्यास 1984 का कथन याद आ रहा है- बड़े भाई देख रहे हैं। आज वे होते, तो यह जानकर अचरज में पड़ गए होते कि 'बिग ब्रदर' ने लोगों की चमड़ी के अंदर झांकने तक की शक्ति अर्जित कर ली है।

# नेपाल से बाढ़ न लाएं नदियां

मानसून के मौसम में उत्तर बिहार और नेपाल से लगने वाले उत्तर प्रदेश के जिलों में बाढ़ कहर बनकर टूटती है। नेपाल के तराई इलाके भी इन दिनों इसी तरह पानी में डूब जाते हैं। इन इलाकों के लोग हर साल यह त्रासदी भोगते हैं। सीमा पार करने वाली कोसी, गंडक/ नारायणी और करनाली/ घाघरा के साथ-साथ राप्ती और महाकाली/ शारदा जैसी नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश होने से धारा प्रवाह इतना तेज हो जाता है कि मैदानी इलाकों में ये नदियां सब कुछ बहा ले जाती हैं। अब तक दोनों देशों ने बाढ़-नियंत्रण के कई उपाय किए, जिनमें अमूमन नदियों को बांधने के प्रयास किए गए हैं। बांध-निर्माण इसी उपाय का हिस्सा है। मगर इन सबकी अपनी मुश्किलें हैं। दरअसल, ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में मिट्टी के कटाव और भूस्खलन के कारण खासतौर से पूर्वी नदियां भारी गाद लिए नीचे उतरती हैं। इस कारण मैदानी इलाकों में उनका तल ऊंचा उठने लगा है। यही कारण है कि कुछ जगहों पर कोसी अब आसपास की सतह से ऊपर बहने लगी है। तटबंध अस्थाई तौर पर राहत देने वाले उपाय हैं। अगर लंबे समय तक नदी के तटों का अतिक्रमण किया जाए, तो नतीजे भयावह हो सकते हैं। 2008 का दुखद अनुभव हम शायद ही भूल सकते हैं, जब कोसी का पूर्वी तटबंध टूट गया था। समस्या इसलिए ज्यादा जटिल हो गई है, क्योंकि पिछले 200 वर्षों में कोसी ने अपना रास्ता काफी बदल लिया है। बाढ़ के लिए दोनों देश एक-दूसरे को दोषी मानते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री से शिकायत करते हैं कि सीमा-पार करने वाली इन नदियों और उनकी सहायक धाराओं के लिए तटबंध-निर्माण में नेपाल पूरा सहयोग नहीं दे रहा, जबकि कुछ कार्यों में तो केंद्र सरकार ही आर्थिक मदद दे रही है। दूसरी तरफ, नेपाल अपने तराई क्षेत्र में आने वाली बाढ़ के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराता है। उसका आरोप है कि भारत ने जल-निकासी के लिए पर्याप्त व्यवस्था किए बिना सीमावर्ती इलाकों में सड़कें बना दी हैं। बकौल नेपाल, ये सड़कें बांध की तरह काम करती हैं और नेपाल की जमीन और गांवों के डूबने की वजह बनती हैं। हालांकि, भारत-नेपाल की एक साझा तकनीकी टीम इस आरोप से इत्तेफाक नहीं रखती। यह अलग बात है कि नेपाली अधिकारियों ने इस टीम की रिपोर्ट को ही खारिज कर दिया है। ऐसे में, इस समस्या को जड़ से मिटाने के लिए दीर्घकालिक स्थाई दृष्टिकोण की जरूरत है। लिहाजा, भारत को मिट्टी के कटाव को रोकने और पुन÷ वनरोपण परियोजनाओं में नेपाल का सहयोग करना चाहिए। इन परियोजनाओं में चुरे (शिवालिक) पहाड़ियों पर चल रहे राष्ट्रपति चुरे संरक्षण कार्यक्रम को भी शामिल किया जाना चाहिए। इससे भी अहम यह है कि हमें नेपाल की कई जलाशय परियोजनाओं को गति देने की जरूरत है, जिन पर पूर्व में हमने सहमति तो बनाई, लेकिन उनका काम धीमी गति से चलता रहा है। मोदी सरकार का महाकाली/ शारदा नदी पर प्रस्तावित पंचेश्वर जल-विद्युत परियोजना पर खासा जोर है, जो 1990 के दशक के मध्य से लगभग दो दशकों तक ठप पड़ी हुई थी। दुर्भाग्य से, इसमें फिर से पेच फंस गया है, क्योंकि भारत का यह प्रस्ताव नेपाल मानने को तैयार नहीं कि महाकाली के पानी में शारदा बैराज के पानी को भी शामिल कर लिया जाए। अगर यह मसला राजनीतिक स्तर पर नहीं सुलझ पाता है, तो यह परियोजना फिर से लटक जाएगी और इसकी लागत भी बहुत बढ़ जाएगी। पिछली बार, जब इसका काम रुका था, तब इसकी कुल लागत 12,000 करोड़ से बढ़कर करीब 40,000 करोड़ रुपये हो गई थी, जबकि इसकी कुल क्षमता जल-स्तर, प्रवाह जैसे जल-विज्ञान संबंधी कारणों की वजह से 6,720 मेगावाट से घटकर 5,040 मेगावट रह गई थी। इसके अलावा, कोसी नदी पर प्रस्तावित उच्च बांध को भी हमें तवज्जो देनी चाहिए। बेशक दशकों पहले कोसी बैराज बनाया गया था, और तटबंधों के कामों में भी तेजी आई है, लेकिन प्रस्तावित उच्च बांध का काम सिरे नहीं चढ़ सका, जबकि 1950 के दशक में ही इसका खाका तैयार हो गया था। इसको गति देने के लिए साल 2004 में संयुक्त परियोजना कार्यालय भी बनाया गया, लेकिन विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए जरूरी सर्वे संबंधी कामों को वह अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। हालांकि, इसकी एक वजह स्थानीय लोगों का विरोध भी है। लिहाजा, उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए, विशेष रूप से उन इलाकों के लोगों की, जो डूब क्षेत्र बन जाएंगे। नेपाल हमें जमीन पर कम समर्थन दे रहा है, क्योंकि जलमग्न इलाके उसी के हैं, जबकि सिंचाई व बाढ़-नियंत्रण के लिहाज से बड़ा फायदा भारत को होगा। नेपाल के हितों को ध्यान में रखते हुए ही सनकोसी संग्रहण-सह-डायवर्जन योजना को इस परियोजना में शामिल किया गया है। जाहिर है, कोसी परियोजना की लागत और लाभ को निष्पक्ष ढंग से साझा करने की दिशा में काम करने की दरकार है। अब तक भारत द्विपक्षीय नजरिए से ही सोचता रहा है। मगर इसमें बांग्लादेश भी एक पक्ष है, क्योंकि इस परियोजना से गंगा और पद्मा नदी का पानी भी नियंत्रित हो जाएगा। ऐसे में, त्रिपक्षीय सहयोग फायदेमंद साबित होगा, जिससे नेपाल के लिए इस परियोजना पर आगे बढ़ना आसान हो जाएगा। यदि यह परियोजना साकार होती है, तो नेपाल के लिए बड़ा लाभ यह होगा कि गंगा और कोसी के साथ अंतर्देशीय जलमार्ग बनाया जा सकेगा, जिससे कारोबार में उसकी परिवहन लागत कम हो जाएगी। इससे उप-क्षेत्र में आपसी सहयोग की भावना भी मजबूत होगी। हालांकि, अभी नेपाल के साथ हमारे रिश्ते बहुत सुखद नहीं हैं और फिलहाल यह संभावना नहीं है कि बाढ़-नियंत्रण से जुड़ी समस्याओं का आसानी से समाधान हो सकेगा। फिर भी, भारत को राजनीतिक स्तर पर उन तमाम जलाशय परियोजनाओं पर विचार करना चाहिए, जो साझा तौर पर तैयार हो रही हैं।

## मेरा भी लिटफेस्ट करा दे

डायरी के खाली पन्ने फड़फड़ा रहे हैं। एक भी 'एडवांस बुकिंग' नहीं है। 'लिटफेस्ट' का सीजन निकला जा रहा है। लिटफेस्ट से मेरा मतलब उस वाले आयोजन से है, जिसके निमंत्रण मात्र से ही अदना लेखक साहित्य में छा जाता था। हे मेरे ईश्वर ! कुछ तो ऐसा कर कि उसी वाले लिटफेस्ट की खबर आए, जिसे देखते ही मन हुलसकर कहने लगे, हिंदी साहित्य अभी जिंदा है, क्योंकि लिटफेस्ट जिंदा है। काश ! वह वाला लिटफेस्ट इस बार मुझे अपना मुख्य अतिथि बनाए और मैं वहां जाकर वो करूं, जो अब तक बड़े-बड़े तक न कर सके।

## मैं हिन्दुस्तान हूँ



मैं सत्य अहिंसा का पुजारी,धर्मों का मान सम्मान हूँ।
हिंदु मुस्लम सिख ईसाई,का प्यारा मैं हिन्दुस्तान हूँ।।
कश्मीर से कन्याकुमारी तक,अभिन्न सभी मेरे अंग हैं।
हर जाती के यहाँ जन बसे, अनेक मेरे रूप रंग हैं।
तपस्वियों की पावन धरा,लिए भगवन ने अवतार यहाँ।
सतयुग द्वापर त्रेता के, मिलते कई हैं सार यहाँ।
विश्व में मेरा ढंका बजता,मैं जन गन मन की शान हूँ
हिंदु मुस्लम सिख ईसाई,का प्यारा मैं हिन्दुस्तान हूँ।।
हिमालय है मेरा प्रेहरी,है हर पल सीना तान खड़ा।
वीरों नें मोत उतारे है,जब दुश्मन मैली आँख चढ़ा।
मिट गये केई लाल बाँके,आजादी के संग्राम में।
हैं सिर कफन बाँध के रखते,निर्भय जंग के मैदान में।
सविधान हमारा है न्यारा, मैं लोकतंत्र की पहचान हूँ।
हिंदु मुस्लम सिख ईसाई,का प्यारा मैं हिन्दुस्तान हूँ।।
बहती पावन नदियाँ मेरी,गंगा जमुना प्यास बुझाती।
नर्मदा गोदावरी मिल कर,हैं नदियाँ हरियाली लाती।
देवी देवते यहाँ बसते, वन संपदा भरपूर मेरी।
सजे रहते मंन्दिर न्यारे सवेरे बजती है भेरी।
चारो धाम मुझ में समाये, मैं संस्कृतियों में महान हूँ।
हिंदु मुस्लम सिख ईसाई,का प्यारा मैं हिन्दुस्तान हूँ।।

**शिव सन्याल**
**गां.डा.मकड़ाहन**
**ज्वाली कांगड़ा हि.प्र**

## जाग उठो इन्सान !



एक दिन मेरे मित्र ने पूछा;
÷मित्र, कहो क्या कहते हो,
छोटी सी नौकरी तुम्हारी,
फिर भी, खुश रहते हो?
मैं रहता हूं एक बंगले में,
लम्बा चौड़ा है व्यवसाय,
सौ मनुष्य को पाल सकूं मैं,
हो जाती है, इतनी आय !
जीना मेरा कठिन हो रहा,
मेरे नाम दर्ज अपराध,
तुम स्वच्छंद विचरण करते हो,
गली मोहल्लों में निर्बाध !
मैंने कहा मित्र,÷दो ध्यान !
किया करो सबका सम्मान !
मानव होकर मानवता की,
कभी न करना तुम अपमान !
सबको लेकर साथ चलो अब,
समय सदा होता बलवान,
मैत्री भाव से, सबको देखो,
जाग उठो इन्सान !

**स्वरचित,**
**पद्म मुख पंडा**
**ग्राम महा पल्ली पोस्ट लो इं ग**
**जिला रायगढ़ छ ग**

## कविता....

जल..........
मैं जल हूं मैं जल हूं,
मैं जल हूं मैं जल हूं
बहने दो बेवजह ना यारों,
तेरा आने वाला कल हूं !
मैं जल हूं----------
मत आंक मेरी क्षमता दुनिया,
आज तलक ना जानी।
काट-काट पासाडो को,
मैं कर देता हूं नाली।
मिल जाऊंगा जब खोजोगे
किसी नहर नाले में,
मुझको समझो पुष्प बगीचा,
या फिर कह लो माली !
बर्बाद करो ना मुझे आपके,
हर प्रश्नों का हल हूं,
मैं जल हूँ,मैं जल हूँ
मैं जल हूं-------
तड़प तड़प कर कहती है,
धरती जल्दी आओ।
डूब चुके हैं मातम में सब,
तुम खुशियां बरसाओ।
खूब किया मैं इंतजार पर अब
ना होता है,
झुलसे उपवन में हरियाली,
बनकरके छाजाओ।
प्रेम करो या नफरत,
न मरने वाला धन हूं,
मैं जल हूं मैं जल हूं।
मैं जल हूं-------
पैदा होने से मरते तक,
सखा साथ मैं दूंगा।
आखिरी वक्त तेरी अस्थि,
बिनकर मांगे ले लूंगा !
बहुतों ने प्रेम किया हमसे
बहुतों ने खूब नफरत,
चाहे कोई हो ना,
हो पर मैं तेरा हूंगा !
भूलो मत तुम रखो,
सजाकर मैं तेरा तन हूं,
मैं जल हूँ, मैं जल हूँ।
मैं जल हूं--------

**सुधांशु निराला**


## गुमनाम...!



गाँव के बादशाहो फ़ेहरिस्त में,
अपना भी का नाम था।
भागमभाग की ज़िंदगी मे,
फुर्सत का काम था।
शहर की चकाचौंध ने,
बेनाम बना दिया।
वक्त की इस मोड़ ने,
गुमनाम बना दिया।
निकला था ज़िद को अंजाम देने,
अरमानो में पानी फेर दिया।
कागज़ की चंद टुकड़ो ने,
जिंदगी सब ग़ुलाम बना दिया।
अँधेरी गलियों में गुज़रने की,
तकल्लुफ़ नुमाईश किसको है।
फूटते सतरंगी चाह में,
भवर ने घेरा जिसको है।
अरमान क़ब्र में दफ़न कर,
लौट जाऊ बादशाहत पर।
रोशनी उम्दा उम्मीद की,
निशा हताशा ने बुझा दिया।
रुपये की चमक आँखों में,
ईमान इंसा का कहाँ डोला था।
चंद मुठ्ठी भर सिक्को ने,
मुझकों आसमाँ में उछाल दिया।
हौसलों के उड़ने से पहले,
अरमानों के पंख काट दिया।
लंबी उड़ान ख्वाब सजाया,
धड़ाम जमीं पे गिरा दिया।
खामोशी की गलियों में,
चितवन रफ्तार लिए।
मकड़ी जाल बुनने में मस्त,
सियार जो चालाकी लिए।
सबका चर्चे में नाम है,
मेरा नाम गुमानाम है।
घूमता रहा निस्तब्ध रह,
गलियों की हर नुक्कड़ पर।
ढूढ़ता आशियाना नाम का,
दुनिया की कोने कोने पर।
हर इक मेरे हरक़त पर,
फैली हर जगह भ्रांतियां।
रहस्यों का पिटारा ढूढ़ रहा,
जहाँ चलता था मन में शांतियाँ।
समय नाम बेनाम करते रहे,
मन को उन्माद बना दिया।
फ़िरभी कोशिश खँडहर,
वक्त ने गुमानाम बना दिया।

**दिब्यानन्द पटेल**
**विद्युत नगर दर्री**
**कोरबा छत्तीसगढ़**

## हाय रे कोरोना !



आज मन बड़ा व्याकुल है,
कल के चक्कर में आज आकुल हैं।
हाय रे कोरोना ! हाय रे कोरोना !
तेरे चक्कर में जगत पूरा शोकाकुल है।।
पूरे साल किए हम मेहनत,
ना बढ़ी तनिक भी तनख्वाह हमारी।
महंगाई इतनी बढ़ी हैं कि,
इतने पैसे में होत ना निर्वाह हमारी।।
हाय रे कोरोना ! हाय रे कोरोना !
बुहान शहर से चली जो हवा,
उस हवा से ना जाने,
बेरोजगार हुए कितने युवा।।
तारीख पक्की थी अपनी
प्रिय संग विवाह-बंधन की।
कैसे पूरी हो आस अपनी,
जब आजादी नहीं साधन की।।
हाय रे कोरोना ! हाय रे कोरोना !,
शिवालय, विद्यालय सब बन्द करवाया।
क्या अमेरिका, क्या इटली, क्या रूस,
सब जगह लॉकडाउन तूने करवाया।।
बड़ा डर मुझको लगता,
दिल ये जोर जोर धड़कता।
जब सुनता कोई आया परदेशी,
डर के मारे उनसे दूर से मिलता।।
हाय रे कोरोना ! हाय रे कोरोना !,
दोस्ती रिश्तेदारी सब भूलवाएं,
क्या होली , क्या गणेश चतुर्दशी,
सब हमसे घर में ही मनवाएं।।
बाहर काल खड़ा मुंह खोले,
घर में ही रहना तुम प्यारें।
डगर कठिन है, रख भरोसा,
प्रभु दूर करेंगे कष्ट हमारे।।
हाय रे कोरोना ! हाय रे कोरोना !,
तुम हम सब से दूर ही रहना।
छोड़ मेरा देश तुम अब जाओ,
हाथ जोड़ करते हम ये अर्चना।।

**अंकुर सिंह**
**चंदवक, जौनपुर, उत्तर प्रदेश**
**मोबाइल नंबर - 8367782654.**
**व्हाट्सअप नंबर - 8792257267**

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# इंस्टाग्राम पर 3 करोड़ हुए उर्वशी रौतेला के फॉलोअर्स

## फैन्स से कहा- मुझे प्यार देने के लिए शुक्रिया



**बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपने ग्लैमरस अंदाज को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। वह इंस्टाग्राम पर अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं, जो उनके फैन्स को बहुत पसंद आता है।**

अब उर्वशी के इंस्टाग्राम पर तीन करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं। इस खास मौके पर उर्वशी ने अपने फैन्स को शुक्रिया कहा है। उर्वशी ने अपने फैन्स का आभार जताते हुए एक वीडियो कोलाज पोस्ट किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इंस्टाग्राम पर तीन करोड़ फॉलोअर्स का आभार। आपको बहुत-बहुत प्यार मेरे दोस्तों। मेरी कहानी का सबसे अहम हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद। मेरी जिंदगी में आने और खुशियां देने के लिए शुक्रिया। मुझे प्यार देने और बदले में मेरे प्यार को स्वीकार करने के लिए आभार। खूबसूरत यादों के लिए शुक्रिया, मैं हमेशा इसे सराहूंगी। उर्वशी ने कहा कि मेरे सिर रखने के लिए अपना कंधा आगे बढ़ाने के लिए शुक्रिया। उन्होंने प्यार दिखाने के लिए प्रशंसकों का आभार जताया है। उर्वशी के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में वह रिलीज हुई फिल्म वर्जिन भानुप्रिया में नजर आई थीं। फिल्म में अर्चना पूरण सिंह, डेलनाज ईरानी, राजीव गुप्ता, गौतम गुलाटी, बृजेन्द्र काला, निकी अनेजा वालिया और रूमाना मोल्ला भी सहायक भूमिकाओं में थे। फिल्म अजय लोहान द्वारा निर्देशित और श्रेयन्स महेंद्र धारीवाल द्वारा निर्मित थी।

# एक्टर राजेश कुमार हुए कोरोना वायरस के शिकार



टीवी के मोस्ट पॉपुलर कॉमेडी शो साराभाई वर्सेस साराभाई के लीड एक्टर राजेश कुमार कोरोना वायरस संक्रमण का शिकार हो गए हैं। इस बात की जानकारी खुद उन्होंने दी है। राजेश जल्द ही टीवी चैनल स्टार भारत के सीरियल एक्सक्यूज मी मैडम में नजर आने वाले हैं। बुधवार को ही शो का प्रोमो रिलीज किया गया है। फिलहाल सीरियल की शूटिंग चल रही है और शूटिंग के दौरान ही राजेश कुमार कोरोना वायरस का शिकार हो गए हैं। कोरोना संक्रमित होने की जानकारी एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक पोस्ट के जरिए अपने फैंस को दी। राजेश कुमार ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, मैं अपने सभी चाहने वालों और फैंस को ये इन्फॉर्म करना चाहता हूं कि मेरा कोविड 19 का टेस्ट पॉजिटिव आया है। मैं फिलहाल होम क्वारंटीन हूं। मेरा अच्छे से ध्यान रखा जा रहा है। आप सभी की दुआओं और शुभकामनाओं के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। स्टार भारत पर एक्सक्यूज मी मैडम के साथ फिर जल्द मिलते हैं। आपको बता दें कि राजेश कुमार टीवी की दुनिया का जाना माना चेहरा हैं। वो कई पापुलर शोज में काम कर चुके हैं जैसे, बा बहू बेबी, साराभाई वर्सेज साराभाईः टेक 2, खिचड़ी और शरारत हाल ही में राजेश महाराज की जय हो में नजर आए थे। लेकिन इन सारे सीरियल्स में से राजेश का सबसे पापुलर सीरियल है साराभाई वर्सेज साराभाई ज्यादातर लोग राजेश को इस सीरियल की वजह से जानते हैं।

# सुहाना खान की रोती हुई तस्वीर हो रही है वायरल



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की तरह ही उनकी बेटी सुहाना खान भी काफी पॉपुलर हैं। सुहाना ने भले ही अभी फिल्मों में काम नहीं किया हो लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग किसी सुपरस्टार से कम नहीं है। सुहाना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। उनकी हर तस्वीर देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है। उनके फैंस को उनका हर स्टाइल काफी भाता है। इसी बीच सुहाना की एक तस्वीर वायरल हो रही है। जो काफी हैरान करने वाली है। इस तस्वीर में सुहाना रोती नजर आ रही हैं। सुहाना खान ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम आकउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वह आंसू बहाती नजर आ रही हैं। फोटो में में सुहाना के आंसू साफ देखे जा सकते हैं। इसके बाद शेयर की गई दूसरी तस्वीर में सुहाना उदास दिख रही हैं। स्टार किड की ये तसवीर देख सभी हैरान हैं। इन तस्वीरों के साथ ही सुहाना ने कैप्शन में बताया है कि आखिर माजरा क्या है। सुहाना खान ने अपनी ये इमोशनल तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, बधाई हो अगर आपने मुझे रोते हुए नहीं देखा,.। इसी के साथ ही सुहाना ने कई तरह के इमोजी भी बनाए हैं। बात दें कि इन तस्वीरों के देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये तस्वीरें सुहाना की किसी फिल्म या शॉर्टफिल्म के शूटिंग के दौरान ली गई हैं। सुहाना की ये तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। वहीं फैंस इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। साथ ही वह फोटो में सुहाना के जबरदस्त एक्सप्रेशन की तारीफ भी कर रहे हैं। अबतक उनकी इस फोटो को एक लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है।



## गणपति बप्पा के दरबार में दिखीं

# सारा अली खान

**मुंबई में इन दिनों गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। बॉलीवुड सेलेब्रिटीज भी बप्पा के सेवा-सत्कार में जुटे हैं। ऐसे में सारा अली खान ने अपनी नई तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें वो गणपति बप्पा के दरबार में प्रार्थना करती नजर आ रही हैं। सारा की इन तस्वीरों को खूब पसंद किया जा रहा है और एक यूजर ने उन्हें नसीब वाला बताया।**

सारा ने इंस्टग्राम पर अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं। गुलाबी रंग के पारम्परिक लिबास में सारा बिल्कुल फेस्टिव मूड में नजर आ रही हैं। दोनों तस्वीरों में सारा हाथ जोड़े बैठी हैं। इसके साथ सारा ने कैप्शन में लिखा- गणपति बप्पा मोरया। सारा की इन तस्वीरों को सिर्फ. घंटेभर में 6 लाख से अधिक लाइक्स मिल गये। वहीं, कई लोगों ने कमेंट किये हैं। एक यूजर ने लिखा कि कितने नसीब वाले होते हैं वो लोग, जिन्हें खुदा दोनों धर्मों का प्यार देता है। बता दें कि सारा अली खान अब कुली नंबर 1 में नजर आएंगी। डेविड धवन निर्देशित फि ल्म में वो वरुण धवन के साथ पेयर अप हुई हैं। कुली नंबर 1 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इस फि ल्म के बॉयकॉट की मुहिम भी पिछले दिनों सोशल मीडिया में चली। सारा ने अपना करियर केदारनाथ से शुरू किया था, जिसमें सुशांत सिंह राजपूत उनके हीरो थे। उनकी दूसरी फि ल्म सिम्बा थी, जिसमें रणवीर सिंह ने लीड रोल निभाया था। रोहित शेट्टी इसके निर्देशक थे। पिछले दिनों सारा एक वीडियो को लेकर चर्चा में रही थीं, जिसमें बॉलीवुड के सबसे कामयाब निर्देशकों में शामिल रोहित एक दिलचस्प खुलासा करते हैं कि सारा ने उनके सामने सचमुच हाथ जोड़कर काम मांगा था। यह वीडियो क्लिप द कपिल शर्मा शो की थी और सम्भवतः रोहित की फि ल्म सिम्बा के रिलीज के आस-पास की थी। ट्विटर पर वीडियो खूब शेयर किया गया था। वीडियो में रोहित कह रहे हैं- सर मुझे प्लीज काम दे दो। अमृता सिंह और सैफ अली खान की बेटी अकेले चल के ऑफि स में आना और एक डायरेक्टर के सामने बैठकर यह कहना कि सर मेरे को काम दे दो प्लीज। मुझे रोना आ गया। मैं बोला, तू पिक्चर कर ले। हालांकि इस वीडियो का सोशल मीडिया में खूब मजाक भी उड़ा।

# फाइटर पायलट बनने को तैयार कंगना रनोट

## दिसंबर से शुरू होगी तेजस की शूटिंग

कंगना रनोट की अपकमिंग फिल्म तेजस की शूटिंग कब से शुरू होगी इस बात की घोषणा कर दी गई है। फिल्म की शूटिंग इसी साल दिसंबर के महीने से शुरू की जाएगी। कंगना रनोट अभिनीत तेजस एक साहसी और निडर फाइटर पायलट की कहानी है। भारतीय वायु सेना 2016 में महिलाओं को लड़ाकू भूमिकाओं में शामिल करने वाले देश की पहली रक्षा सेना थी। और ये फिल्म इसी ऐतिहासिक घटना से प्रेरित है। आरएसवीपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्विटर पर फिल्म की शूटिंग शुरू होने की आधिकारिक घोषणा की है, साथ ही एक पोस्टर भी शेयर किया है जिसमें कंगना फाइटर पायलट की ड्रेश में नजर आ रही हैं। कंगना ने भी अपने ट्विटर अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए इसके बारे में जानकारी दी है। तेजस क। निर्देशन सर्वेश मेवाड़ा कर रहे हैं। वहीं फिल्म के प्रोड्यूसर होंगे । रॉनी की ये दूसरे फिल्म है जो किसी फाइटर को लेकर बनाई जा रही है। इससे पहले उन्होंने विक्की कौशल की फिल्म उरी द सर्जिकल स्ट्राइक को प्रोड्यूज किया था। फिल्म के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा, तेजस एक विस्तार से बताई गई कहानी है, जहां मुझे वायु सेना के पायलट की भूमिका निभाने का सौभाग्य मिला है। मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं, जहां इस वर्दी में हर बहादुर पुरुषों और महिलाओं को सलाम किया जाएगा, जो हर रोज इस ड्यूटी की लाइन में अपार बलिदान करते हैं। सर्वेश और रॉनी के साथ इस सफर के लिए एक्साइटेड हूं। पहले फिल्म की शूटिंग जुलाई से शुरू होनी थे। लेकिन कोरोना के चलते शूटिंग रोक दी गई और इसे आगे बढ़ा दिया है। एक्ट्रेस ने कहा, जब दुनिया इस दुर्भाग्यपूर्ण महामारी की चपेट में आई, तब हम तैयारी के बीच में थे। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम फिर से काम शुरू कर रहे हैं और इस साल के अंत में शूटिंग शुरू करेंगे। उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक में भारतीय सेना के साहस का जश्न मनाया गया था और तेजस भारतीय वायु सेना के बहादुर लड़ाकू पायलटों के प्रति हमारा समर्पण है। एक महिला फाइटर पायलट के इर्द-गिर्द कहानी विकसित करने का विचार प्रोजेक्ट में एसोसिएट प्रोड्यूसर सलोना बैंस जोशी द्वारा इन-हाउस खोज थी और मैंने इसका तुरंत समर्थन किया। मुझे उम्मीद है कि हमारी फिल्म कई अन्य महिलाओं को भारतीय वायु सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी




## केआरके ने रिया पर कसा तंज, कहा -

# आप जैसी प्यार करने वाली गर्लफ्रेंड अल्लाह किसी को ना दे



अपने हाल ही में दिए गए इंटरव्यू के बाद से रिया चक्रवर्ती ना जाने कितने सवालों के घेरों में आ खड़ी हुई है। रिया के दिए गए बयानों को लगातार सुशांत सिंह राजपूत की बहन श्वेता और उनकी एक्स गर्लफ्रेंड अंकिता लोखंडे गलत साबित कर रही हैं। इतना ही नहीं रिया के बयानों के खिलाफ श्वेता ने कई सबूत भी पेश किए हैं, जो रिया की कही कई बातों को गलत साबित करते है। अपने इंटरव्यू के दौरान रिया ने सुशांत को लेकर कई तरह की बातें कही, ऐसे में उनका अपनी लव-स्टोरी पर बात करना तो लाजमी ही था। अपने रिलेशन पर बात करते हुए रिया ने कहा कि - सुशांत ने मुझसे कहा था कि उन्हें मुझसे पहली नजर में प्यार हुआ था। रिया ने आगे बताया कि - मैंने उनकी इस बात का जवाब देते कहा था कि मैं इतनी जल्दी नहीं कह सकती क्योंकि आई लव यू बड़ा शब्द होता है। लेकिन मुझे नहीं पता था कि मुझे आई लव यू कहने की इतनी बड़ी सजा मिलेगी।इंटरव्यू के बाद से ही रिया सुशांत के फैंस के निशाने पर हैं। ऐसे में केआरके भी रिया पर तंज कसते हुए नजर आए है। केआरके ने अपना रिएक्शन देते हुए कहा - मैडम, अल्लाह आपके जैसी प्यार करने वाली गर्लफ्रेंड किसी को ना दे। अपने इस ट्वीट के साथ केआरके ने गुस्से वाला इमोजी भी बनाया है। आपको बता दें - अपने इंटरव्यू के दौरान रिया ने सुशांत की फैमली पर निशाना साधा है । रिया चक्रवर्ती ने सुशांत और उनके परिवार के बीच रिश्तों पर कहा कि सुशांत और उनके परिवार के बीच रिश्ते ठीक नहीं थे। जब भी वे आते थे तो एक दिन में ही वे बिछड़ जाते थे। मैंने और उनकी बहन मीतू ने साथ में कोर्स भी किया है। इतना ही नहीं रिया ने सुशांत के उनके पिता के साथ संबंध अच्छे ना होने की बात भी कही। इसके साथ ही रिया ने सुशांत की बहन प्रियंका पर भी उन्हें गलत तरीके से छूने का आरोप लगाया है।



दैनिक पुष्पांजली टुडे


# बिना कोविड-19 के लक्षण वाले बच्चे भी हफ्तों कर सकते हैं Virus का प्रसार: अध्ययन

**वाशिंगटन,एजेंसी।** महामारी के प्रसार में बच्चों की आबादी के महत्व पर रोशनी डालने वाले एक नए अध्ययन के मुताबिक कोविड-19 बीमारी से ग्रस्त बच्चे, वायरस के लक्षणों के नजर नहीं आने या उनसे उबर जाने के हफ्तों बाद तक इसे फैला सकते हैं। जेएएमए पीडियाट्रिक्स नामक जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में दक्षिण कोरिया में 22 अस्पतालों में नए कोरोना वायरस सार्स-सीओवी-2 से संक्रमित 91 बच्चों पर नजर रखी गई और यह पाया गया कि वे उम्मीद से ज्यादा समय तक वायरल आनुवांशिक सामग्री आरएनए के वाहक होते हैं। शोधकर्ताओं में दक्षिण कोरिया के सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिसिन के सदस्य भी शामिल थे। उन्होंने अध्ययन में कहा, लक्षणों को देखकर बच्चों के अधिकतर मामलों में कोविड-19 की पहचान नाकाम रहती है और बच्चों में सार्स-सीओवी-2



आरएनए अनापेक्षित रूप से ज्यादा लंबे समय तक पाया गया। प्रकाशित अध्ययन में वैज्ञानिकों ने कहा कि कोविड-19 के प्रसार में बच्चे ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। शोधकर्ताओं में अमेरिका की द जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज के रॉबर्टा एल. डीबियासी भी शामिल हैं। अध्ययन के मुताबिक करीब 22 प्रतिशत बच्चों में कभी लक्षण विकसित नहीं हुए, 20 प्रतिशत बच्चों में शुरू में लक्षण नहीं थे लेकिन बाद में उनमें लक्षण नजर आए और 58 प्रतिशत की शुरुआती जांच में लक्षण नजर आए। वैज्ञानिकों ने कहा कि शोध के दौरान जिन अस्पतालों में बच्चों को रखा गया था वहां औसतन हर तीन दिन में बच्चों की जांच की गई जिससे यह तस्वीर साफ हुई कि कितने समय तक उनसे वायरस प्रसार होता है। नतीजों में खुलासा हुआ कि लक्षणों की अवधि अलग-अलग बच्चों में अलग-अलग है जो तीन दिन से लेकर करीब तीन हफ्तों तक थी। इस अध्ययन के लेखकों में बच्चे कितने वक्त तक वायरस का प्रसार कर सकते हैं और कब तक संक्रामक हो सकते हैं इसमें भी काफी विभेद है। उन्होंने कहा कि बच्चों के समूचे समूह में औसतन ढाई हफ्तों तक विषाणु पाया जा सकता है लेकिन बच्चों के समूह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा - बिना लक्षण वाले मरीजों में से हर पांचवां मरीज और लक्षण प्रकट करने वाले करीब आधे मरीज- तीन हफ्ते की सीमा तक भी वायरस के वाहक बने हुए थे।

## अमेरिका से सॉफ्टवेयर भेजने के जुर्म में चीनी नागरिक गिरफ्तार हो सकती है 20 साल की जेल

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को कहा कि एक चीनी नागरिक को एक एफबीआई जांच के दौरान कंप्यूटर हार्ड ड्राइव नष्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में एक शोधकर्ता है। विभाग के एक बयान में कहा गया है कि कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ता गुआन लेई को जुलाई में अपने अपार्टमेंट के बाहर कूड़ेदान में एक क्षतिग्रस्त हार्ड ड्राइव फेंकते हुए देखा गया था।न्यायिक विभाग ने कहा कि संवेदनशील अमेरिकी सॉफ्टवेयर या तकनीकी डाटा को चीन के नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी में ट्रांसफर करने के लिए गुआन की जांच की जा रही है। बयान ने यह नहीं बताया कि जांच कब शुरू हुई। न्यायिक विभाग ने कहा कि संवेदनशील अमेरिकी सॉफ्टवेयर या तकनीकी डाटा को चीन के नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी में ट्रांसफर करने के लिए गुआन की जांच की जा रही है।

# अमेरिका में 2019 में 48 प्रतिशत विदेशी छात्र चीन और भारत के थे :रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 2019 में पढ़ रहे विदेशी छात्रों में से 48 प्रतिशत चीनी और भारतीय विद्यार्थी थे। एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। अमेरिका में प्रवासी छात्रों पर स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम (एसईवीपी) द्वारा शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय गैर-प्रवासी छात्रों और एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत आने वाले विद्यार्थियों पर जानकारी रखने वाली वेब आधारित प्रणाली सेविस के रिकॉर्ड के अनुसार 2019 में एफ-1 और एम-1 वीजा वाले विदेशी छात्रों की संख्या 15.2 लाख थी। इसमें 2018 से 1.7 प्रतिशत की कमी आई। एफ-1 वीजा अमेरिका के किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय में किसी अकादमिक कार्यक्रम या अंग्रेजी भाषा के कार्यक्रम में भाग ले रहे अंतरराष्ट्रीय छात्रों को जारी किया जाता है, वहीं एम-1 वीजा व्यावसायिक संस्थानों तथा तकनीकी संस्थानों में पढ़ने वाले विदेशी



छात्रों के लिए होता है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में अमेरिका में कुल 7,33,718 या 48 प्रतिशत छात्र चीन और भारत के थे। इनमें चीन के 4,74,479 और भारत के 2,49,221 थे।

## अस्पताल में मौत से लड़ रहे कोरोना मरीजों के लिए संजीवनी साबित होगी रेमडेसिवीर? अमेरिका ने मंजूरी दी




**नई दिल्ली।** ड्रगमेकर गिलियड साइंसेज ने कहा कि अमेरिकी नियामक अब सभी मरीजों के लिए प्रायोगिक एंटीवायरल ड्रग रेमडेसिवीर का इस्तेमाल करने की अनुमति दे रहे हैं।इसमें कहा गया कि खाद्य और औषधि प्रशासन ने अपने आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण का विस्तार किया है। जो डॉक्टरों को महामारी के दौरान दवा का प्रशासन करने देता है। अब तक, यह गंभीर कोविड-19 के रोगियों तक सीमित था। फोस्टर सिटी, कैलिफ़ोर्निया स्थित गिलियड ने 10 अगस्त को रेमडेसिवीर की औपचारिक मंजूरी के लिए एफडीए पर आवेदन किया, जिसे ब्रांड नाम वेक्लेरी के तहत बेचा जाएगा। गिलियड ने एक बयान में कहा कि विस्तारित आपातकालीन उपयोग अस्पताल में भर्ती मरीजों के हाल के संघीय अध्ययन के परिणामों पर आधारित था, जिसमें गंभीरता के विभिन्न स्तर थे, साथ ही एक हफ्ते पहले प्रकाशित एक गिलियाड अध्ययन भी था। गिलियड के अध्ययन में पाया गया कि हल्के कोविड-19 के साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों में, रेमडेसिवीर पाने वालों में पांच दिन के उपचार के बाद 65त्न सुधार होने की संभावना थी, जो मानक देखभाल प्राप्त करने वालों की तुलना में बेहतर थे।

## अपने ही हाथों से पाली शेरनियों ने ले ली शख्स की जान, चीखती रही पत्नी

**नई दिल्ली।** एक दक्षिण अफ्रीकी संरक्षणवादी को उसी के पालतू शेरों द्वारा मार दिया गया है। उसके परिवार ने ये जानकारी दी। 69 साल के वेस्ट मैथ्यूसन बुधवार को दो सफेद शेरनियों के साथ चल रहे थे। अचानक जानवरों में से एक ने बिना किसी चेतावनी के हमला किया और उसे मार डाला। यह घटना दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी लिम्पोपो प्रांत में परिवार के स्वामित्व वाले लायन ट्री टॉप लॉज के परिसर में हुई। उन्हें अंकल वेस्ट के रूप में जाना जाता है, उन्होंने शेरों को गोद लिया था और पाला था। वे उनके साथ बातचीत करते थे। जब शेर ने हमला किया तब 65 साल के मैथ्यूसन की पत्नी गिल अपने पति के पीछे भाग रही थीं। परिवार के वकील मरीना बोथा के एक बयान ने एएफपी को ईमेल किया कि उसने अपने पति को बचाने के लिए पूरी कोशिश की, लेकिन ऐसा करने में असमर्थ रही। शेरों को अस्थायी रूप से एक जगह में ले जाया गया है, जबकि उनके अंतिम गंतव्य पर निर्णय नहीं लिया गया है। परिवार ने आश्वासन दिया कि उन्हें उनके लिए उपलब्ध सर्वोत्तम वातावरण में छोड़ा जाएगा।

# पुतिन ने रूस के वैक्सीन को बताया सुरक्षित और प्रभावी, भारत में हो सकता है उत्पादन

**मॉस्को।** हाल ही में कोरोना वैक्सीन को मंजूरी देने वाले रूस के राष्ट्रपति ने स्पूतनिक वी टीके की तारीफ करते हुए इसे पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी बताया है। 2 महीने में ही कुछ दर्जन लोगों पर परीक्षण के बाद अप्रूव किए जाने की वजह से हो रही आलोचनाओं को दरकिनार करते हुए पुतिन ने कहा कि दुनिया के पहले कोरोना वैक्सीन को नियमों का सख्ती से पालन करते हुए मंजूर किया गया। ये नियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं। इस बीच खबर है कि टीके के उत्पादन के लिए रूस और भारत में बातचीत चल रही है।

पुतिन ने यह दावा ऐसे समय में किया है जब दुनियाभर के कई विशेषज्ञों ने फास्ट ट्रैक अप्रूवल को लेकर चिंता जाहिर की है और कहा है कि रूस वैक्सीन के प्रभाव को लेकर कोई डेटा नहीं शेयर कर पाया है, जोकि साइंटफिक प्रोटोकॉल में खामी है। इस बीच पुतिन ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा, %%हमारे विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि यह टीका स्थायी इम्युनिटी पैदा करता है और सुरक्षित है। पुतिन ने कहा कि अनकी एक बेटी को टीका लगाया जा



चुका है, एंटीबॉडी डिवेलप हुआ है और ठीक महसूस कर रही है। इस बीच रूस भारत के साथ मिलकर इस वैक्सीन के उत्पादन को लेकर बातचीत कर रहा है। भारत में वैक्सीन उत्पादन की क्षमता को देखते हुए रूस भारत के साथ करार करना चाहता है। भारत के स्वास्थ्य सचिव राजेश बूषण से जब यह पूछा गया कि क्या मास्को ने वैक्सीन उत्पादन के लिए भारत के साथ आधिकारिक रूप से संपर्क किया है? उन्होंने कहा, जहां तक स्पूतनिक वी वैक्सीन का सवाल है, दोनों देशों में संवाद चल रहा है। कुछ शुरुआती जानकारी साझा की गई है, कुछ और सूचना का इंतजार है। रूस के भारत में राजदूत निकोले कुदाशेव ने हाल ही में ट्वीट किया था, जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में परंपरागत द्विपक्षीय सहयोग को लेकर भारत सरकार में बायोटेक्नॉलजी डिपार्टमेंट की सचिव डॉ. रेनू स्वरूप से बीतचीत की। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 11 अगस्त को स्पूतनिक वी वैक्सीन को मंजूरी दिए जाने की घोषणा की थी।



## चीन में स्कूलों को पूरी तरह खोलने की तैयारी नेपाल में कोरोना के 927 नए मामले

**बीजिंग काठमांडू।** चीन में कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के एहतियाती उपायों के साथ स्कूलों को पूरी तरह खोलने की तैयारी की जा रही है। देश में शुक्रवार को संक्रमण के केवल नौ मामले सामने आए। यह सभी संक्रमित लोग विदेश से आए हैं। अस्पतालों में कोविड-19 के 288 मरीजों का इलाज चल रहा है और 361 अन्य पृथक-वास में रखे गए हैं। पिछले साल वुहान में पहली बार वायरस का पता चलने के बाद से चीन में अब तक संक्रमण के 85,013 मामले सामने आए हैं और 4,634 लोगों की मौत हुई है। लगभग 25 प्रतिशत छात्र जो स्कूल नहीं जा पा रहे थे वह सोमवार से स्कूल जा सकेंगे। कॉलेज के छात्र भी अगले सप्ताह से कक्षाओं में शामिल हो सकेंगे। **नेपाल में कोरोना के आंकड़े 36 हजार के पार**–दूसरी ओर, नेपाल में शुक्रवार को कोविड-19 के 927 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही, देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या बढ़ कर 36,546 तक पहुंच गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता डॉ. जागेश्वर गौतम ने कहा कि वायरस से संक्रमित 12 मरीजों की मौत हो गई। अब, देश में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 195 हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घंटों में 10,229 पीसीआर जांच की गई। नए मामलों में 777 पुरुष हैं, 334 महिलाएं हैं। देश में कुल इलाजरत मरीजों की संख्या 16,019 है। गौतम ने कहा कि 169 कोविड-19 रोगियों को ठीक होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दिए जाने के बाद संक्रमण मुक्त हुए लोगों की संख्या बढ़ कर 20,242 हो गई है।

# रिश्तों की नई उड़ान: इजराइल ने यूएई के लिए पहली कमर्शियल फ्लाइट पर लगाई मुहर

**दुबई।** इजराइल की एल ऑल एयरलाइन्स 31 अगस्त को अबू धाबी के लिए उड़ान संचालित करेगी जो इजराइल से संयुक्त अरब अमीरात के लिए पहली व्यावसायिक यात्री उड़ान होगी। इससे पहले दोनों देशों ने रिश्ते सामान्य करने के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में समझौता किया था। इजराइल विमानपत्तन प्राधिकरण की वेबसाइट पर शुक्रवार को उड़ान को सूचीबद्ध किया गया। अमेरिकी अधिकारियों ने पहले कहा था कि इस उड़ान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार और दामाद जेयर्ड कुशनेर के नेतृत्व में अधिकारी सवार होंगे। विमान में सवार अन्य अमेरिकी अधिकारियों में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओब्रायन, पश्चिम एशिया में राजदूत एवि बर्कोविज तथा ईरान में राजदूत ब्रायन ब्रायन हुक शामिल होंगे।



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहले घोषणा की थी कि उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीर बेन-शब्बात इजराइली प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। इजराइल और यूएई में अधिकारियों ने उड़ान के संबंध में तत्काल कोई पुष्टि नहीं की। अबू धाबी में अमेरिकी दूतावास ने इस बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।अमेरिका की मदद से इजराइल और संयुक्त अरब अमीरात के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित किए जाने की 13 अगस्त को घोषणा हुई थी। इस समझौते को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विदेश नीति की एक प्रमुख उपलब्धि माना जा रहा है जो इस साल फिर से इस पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। ईरान फलस्तीन के लिए व्यापक परंपरागत अरब समर्थन हासिल कर रहा है और ऐसे में इजराइल से यूएई के कूटनीतिक संबंधों की शुरुआत बड़ी कामयाबी के तौर पर देखी जा रही है।अमेरिका, इजराइल और यूएई ने इसी महीने पूर्ण कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के समझौते की घोषणा की थी, जिसके लिए पश्चिमी तट के अपने कब्जे वाले हिस्से के कुछ अंश को अपने में मिला लेने की योजना को ठंडे बस्ते में डालना था। इस इलाके की मांग फिलिस्तीन भविष्य के अपने राष्ट्र के हिस्से के तौर पर करता रहा है।

## एलन मस्क का स्टार्टअप न्यूरालिंक कर रहा इंसानी दिमाग पर रिसर्च, सूअर के दिमाग में कंप्यूटर चिप डालकर किया प्रदर्शित

**नई दिल्ली।** अरबपति आंत्रप्रेन्योर एलन मस्क के न्यूरोसाइंस स्टार्टअप न्यूरोलिंक ने शुक्रवार को एक ऐसे सूअर का प्रदर्शन किया जिसके दिमाग में एक सिक्के के जितनी कंप्यूटर चिप लगी हुई थी। ये इंसानो में होने वाली बीमारी के इलाज को बेहतर करने की दिशा में एक शुरुआती कदम है। इसके जरिए वे इंसानों में होने वाली कुछ दिमागी बिमारियों के इलाज को लेकर एक तरह का ट्रायल कर रहे हैं। 2016 में एलन मस्क ने सैन फ्रांसिसको में न्यूरोलिंक की स्थापना की थी। न्यूरोलिंक का उद्धेश्य इंसानों के दिमाग में एक तरह वायरलेस कंप्यूटर स्थापित करना है जो इंसान को अल्जाइमर, डिमनशिया और रीढ़ की हड्डी की चोटों जैसी बिमारियों से लड़ने में और उनसे ठीक करने में मदद करेगा। शुक्रवार को एक वेबकास्ट में डिप्रेशन, मेमरी लॉस, इंसोमेनिया जैसी बिमारियों का जिक्र करते हुए एलन मस्क ने कहा, एक इम्प्लांटेबल डिवाइस वास्तव में इन समस्याओं को हल कर सकता है। उन्होंने कहा, हम पैसे जुटाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, हम समझदार लोगों को अपने साथ काम करने के लिए उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं।

## जापान में देखने को मिली उड़ने वाली कार जल्द आसमान में गाड़ी चलाएंगे लोग

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड अभिनेता रॉबिन विलियम्स की 1997 की फिल्म 'फ्लबर' में 'उड़ने वाली कार' का एक दृश्य है। दशकों से लोगों का सपना रहा है कि जितना आसान सड़कों पर कार दौड़ाना है उतना ही आसान उसे आसमान में उड़ाना भी होता। ऐसी कार की चाहत सबसे अधिक लोगों के मन में सड़क पर लंबे जाम में फंसने के दौरान होती है। लेकिन,अब यह सपना सच होता दिख रहा है। जापान की स्काईड्राइव



इंक ने एक व्यक्ति के साथ अपनी 'उड़ने वाली कार' का सफल परीक्षण किया है। कंपनी ने इसका एक वीडियो दिखाया, जिसमें एक मोटरसाइकिल जैसे वाहन जिसमें लगे प्रणोदकों ने उसे जमीन से कई फुट (एक से दो मीटर) की ऊंचाई पर उड़ाया। यह मोटरसाइकिल एक निश्चित क्षेत्र में चार मिनट तक हवा में रही। स्काइड्राइव की इस परियोजना के प्रमुख तोमोहिरो फुकुजावा ने कहा कि उन्हें 2023 तक 'उड़ने वाली कार' के वास्तविक उत्पाद के तौर पर सामने आने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि इसे सुरक्षित बनाना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, दुनियाभर में उड़ने वाली कार को लेकर 100 से अधिक परियोजनाएं चल रही हैं। उनमें से कुछ ही ऐसी परियोजनाएं हैं जो एक व्यक्ति को लेकर उड़ान भरने में सफल रही हैं। फुकुजावा ने कहा, मुझे आशा है कि कई लोग इसे चलाना चाहते हैं और सुरक्षित महसूस करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह अभी पांच से 10 मिनट ही उड़ सकती है, लेकिन इसके उड़ान समय को बढ़ाकर 30 मिनट किया जा सकता है। इसमें कई संभावनाएं हैं और इन्हें चीन जैसे देशों में निर्यात भी किया जा सकता है। स्काईड्राइव परियोजना पर 2012 में एक स्वैच्छिक परियोजना के तौर पर काम शुरू किया गया था। इस परियोजना को जापान की प्रमुख वाहन कंपनी टोयोटा मोटर कॉर्प, इलेक्ट्रॉनिक कंपनी पैनासॉनिक कॉर्प और वीडियो गेम कंपनी नैमको ने वित्त पोषण दिया था।

# पाकिस्तान में भारी बारिश के बाद बाढ़ से 39 लोगों की मौत, कराची पर सबसे ज्यादा असर

**कराची।** पाकिस्तान के कई क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से 39 लोगों की मौत हो गई। कराची में भारी बारिश हुई जिससे सड़कें जलमग्न हो गईं, व्यापारिक गतिविधियां बाधित हुईं तथा सामान्य जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ से दो बच्चों और एक महिला सहित कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए।

अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात आई बाढ़ से प्रांत के ऊपरी कोहिस्तान जिले में आठ लोगों की, स्वात में छह और शांगला जिले में दो लोगों की मौत हो गई। इन क्षेत्रों में 40 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। स्वात जिले के शाहग्राम और तीरत इलाके में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया, जहां छह लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए।

पीडीएमए के महानिदेशक परवेज खान और राहत कार्य सचिव प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्यों को देखने के लिए पहुंचे। खान ने



बताया कि प्रभावित इलाकों में बचाव कार्य तेजी से चल रहा है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री के पी महमूद खान ने जानमाल के नुकसान पर चिंता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री स्वात क्षेत्र से हैं। कराची में भारी बारिश के कारण बीते 25 अगस्त से अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। डॉन की एक खबर के अनुसार, सिंध सरकार ने शुक्रवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया हुआ था। प्रधानमंत्री इमरान खान ने कराची की स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया था, भारी बारिश के मद्देनजर हमारे लोगों की पीड़ा से मेरी सरकार पूरी तरह से अवगत है। मैं नियमित रूप से अपडेट के लिए एनडीएमए के अध्यक्ष और सिंध के गवर्नर के साथ लगातार राहत और बचाव कार्यों की निगरानी कर रहा हूं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि कराची में बृहस्पतिवार को बारिश से संबंधित विभिन्न घटनाओं में 12 लोगों की मौत हुई है। पुलिस उप महानिरीक्षक आमिर हमीद ने बताया, 27 अगस्त को से बाढ़ के कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में डूबने के कम से कम 11 मामले सामने आए हैं।

# धोनी काफी खुले और बेबाक, उनमें फर्जी विनम्रता नहीं: ग्रेग चैपल

नई दिल्ली ■ एजेंसी



भारत के पूर्व कोच ग्रेग चैपल ने कहा है कि भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी बीते 50 वर्षों में इंग्लैंड के मिशेल बियर्ले, ऑस्ट्रेलिया के इयान चैपल, मार्क टेलर, वेस्टइंडीज के क्लाइव लॉयड के साथ सबसे प्रेरणादायी कप्तान हैं। चैपल धोनी के अंतरराष्ट्रीय करियर के शुरूआती दो सालों (2005-2007) के दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच रहे थे।चैपल ने कहा कि धोनी ने उनकी उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया और वह भारत के सबसे सफल कप्तानों में शुमार हैं। चैपल ने कहा कि धोनी प्रतिस्पर्धा करना पसंद करते थे।चैपल ने बताया कि धोनी को उन्होंने काफी चुनौतियां दीं और भारतीय खिलाड़ी ने उनका जमकर सामना किया। चैपल ने कहा कि उन्हें धोनी का ह्यूमर काफी पसंद आया। धोनी ने 15 अगस्त को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। चैपल ने कहा, 'मेरा धोनी के साथ एक क्रिकेटर और एक इंसान के तौर पर अनुभव सकारात्मक रहा। उनके साथ काम करना काफी आसान है क्योंकि वह काफी खुले और बेबाक हैं। धोनी में फर्जी विनम्रता नहीं है।अगर उन्हें लगता है कि वह कुछ कर सकते हैं,तब वह इस बात को आत्मविश्वास के साथ कहते हैं।



अर्जेंटीना में सूकर क्लब फैंस द्वारा अयोजित एक रैली में हिस्सा लेते लोग। रैली मैसी के बार्सिलोना फैंस क्लब को छोड़ने को लेकर की गई।

## न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम में एमी सैटर्थवेट और वाटकिन चयनीत

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम पूरी तरह स्पर्धा के लिए तैयार है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीमित ओवर की श्रृंखला के लिये न्यूजीलैंड ने 17 सदस्यीय महिला टीम का चयन किया जिसमें पूर्व कप्तान एमी सैटर्थवेट और आल राउंडर जेस वाटकिन ने वापसी की जबकि लेग स्पिनर डियाना डॉटी को पहली बार चुना गया। सैटर्थवेट पिछले साल मां बनी थीं और वह मातृत्व अवकाश के बाद वापसी कर रही हैं। वाटकिन टीम के लिये 2018 में खेली थीं। डॉटी पदार्पण करने की उम्मीद लगाये होंगी। न्यूजीलैंड की महिला टीम श्रृंखला के लिये नौ सितंबर को आस्ट्रेलिया के लिये रवाना होगी जिसमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच हैं जिसका पहला मुकाबला 26 सितंबर को खेला जायेगा। टी20 के बाद तीन वनडे तीन अक्टूबर से शुरू होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी बयान में महिला कप्तान सोफी डेवाइन ने कहा, हम निश्चित रूप से श्रृंखला जीतने के लिये वहां जा रहे हैं। यह निश्चित रूप से मुश्किल दौरा होगा क्योंकि हमें विश्व स्तरीय आस्ट्रेलिया टीम से खेलना है। हमारी टीम अनुभवी है और एमी भी टीम में वापस आ चुकी हैं।

| आईपीएलः चेन्नई की टीम का 7 दिन क्वारैंटाइन पीरियड बढ़ाया गया |

# चेन्नई सुपर किंग्स के एक भारतीय खिलाड़ी और 12 स्टाफ मेंबर्स की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव

- दुबई में आईपीएल की शुरूआत 19 सितंबर से होनी है
- चेन्नई की टीम 21 अगस्त को दुबई पहुंची थी
- बायो सिक्योर प्रोटोकॉल तोड़ने पर 7 दिन क्वारैंटाइन रहना होगा



महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स के एक खिलाड़ी और 12 स्टाफ मेंबर्स को कोरोना हो गया है। टीम की तरफ से अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है। जिस खिलाड़ी को कोरोना हुआ है, उसका नाम भी सामने नहीं आया है। माना जा रहा है कि यह खिलाड़ी भारतीय है और तेज गेंदबाज है। चेन्नई की टीम में चार भारतीय तेज गेंदबाज हैं। इनके नाम हैं- शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, केएम आसिफ और मोनू कुमार। दुबई में आईपीएल की शुरूआत 19 सितंबर से होनी है। चेन्नई की टीम 21 अगस्त को दुबई पहुंची थी। इसके बाद 7 दिन के लिए पूरी टीम को क्वारैंटाइन किया गया था। चेन्नई की टीम को शुक्रवार से ही प्रैक्टिस शुरू करनी थी। इसी दौरान टीम का एक खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ के 12 लोग पॉजिटिव आ गए। इसमें सीएसके टीम मैनेजमेंट के सीनियर ऑफिशियल और उनकी पत्नी के अलावा सोशल मीडिया टीम से जुड़े दो मेंबर्स भी शामिल हैं। अब टीम को 7 दिन और क्वारैंटाइन में रहना होगा। इसके बाद चौथा कोरोना टेस्ट होगा। इसकी रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद ही खिलाड़ी ट्रेनिंग शुरू कर पाएंगे।

### यूएई पहुंचने से पहले खिलाड़ियों के 5 टेस्ट हुए थे

यूएई पहुंचने से पहले आईपीएल में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों और स्टाफ का 5 बार कोरोना टेस्ट हुआ था। सभी की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद ही ये लोग यूएई पहुंचे थे। विदेशी खिलाड़ियों को भी यूएई में आने से पहले 14 दिन क्वारैंटाइन किया गया था। साथ ही दो निगेटिव रिपोर्ट के बाद ही वे यूएई के लिए रवाना हुए थे।

### बीसीसीआई ने अब तक शेड्यूल जारी नहीं किया

टीमों को उम्मीद थी कि 20 अगस्त तक आईपीएल का शेड्यूल जारी हो जाएगा। लेकिन, यूएई में बढ़ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुए बीसीसीआई ने अब तक शेड्यूल नहीं जारी किया है। यूएई में अभी तक 68 हजार से ज्यादा कोरोना पॉजिटिव मिल चुके हैं। वहीं 378 लोगों की जान भी जा चुकी है।

### सात दिन में तीन टेस्ट हुए

यूएई में पहुंच रहे आईपीएल की सभी टीम के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को ट्रेनिंग में शामिल होने से पहले 7 दिन क्वारैंटाइन किया गया था। इस दौरान किसी को होटल में एक-दूसरे से मिलने की इजाजत भी नहीं थी। इस दौरान पहले, तीसरे और छठे दिन सभी का कोरोना टेस्ट हुआ। बताया जा रहा है कि इसी में से एक टेस्ट में चेन्नई सुपरकिंग्स के एक खिलाड़ी और 12 स्टाफ मेंबर्स की रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई। यूएई रवाना होने से पहले सिर्फ चेन्नई टीम ने ही अपना ट्रेनिंग कैंप लगाया था। बाकी सभी टीमें सीधे यूएई के लिए रवाना हुईं थीं। चेन्नई टीम ने चेपॉक स्टेडियम में 5 दिन का कैंप लगाया था।

## न्यूज. ब्रीफ

### टीम इंडिया में चयन न होने का कारण खराब प्रदर्शन रहा : वसीम जाफर

नई दिल्ली। घरेलू क्रिकेट में धमाल मचाने वाले पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर की बादशाहत लोग भूले नहीं है। घरेलू क्रिकेट में उनके रिकॉर्ड उनकी कामयाबी बताने के लिए काफी है। रणजी ट्रॉफी में 12038 रन, फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 19 हजार रन वसीम के नाम है। घरेलू क्रिकेट में जाफर के इतने शानदार रिकॉर्ड के बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह खास कमाल नहीं कर पाए। हाल ही में एक इंटरव्यू में जाफर ने बताया कि आखिर क्या वजह है कि वह अपना घरेलू क्रिकेट का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोहरा नहीं सके। वसीम जाफर ने कहा, 'मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था। अगर करता तो 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेल जाता। मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर नहीं था और यही कारण था कि मुझे टीम से बाहर कर दिया गया। हालांकि मैं फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपनी एक बेहद ही खास जगह बनाने में कामयाब रहा था।' जाफर ने बताया कि साल 2012-13 में उनके पास वापसी का मौका था लेकिन भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने उनसे यह मौका छीन लिया। जाफर ने कहा, 'साल 2012-13 में मेरे पास वापसी का अच्छा मौका था लेकिन उस समय शिखर धवन को सेलेक्ट किया गया। मैं काफी बार टीम में शामिल होने के करीब पहुंचा लेकिन कामयाब नहीं हुआ। सेलेक्टर्स इसका सही कारण बता सकते हैं लेकिन मैं बार-बार दरवाजा खटखटाता रहा।' बतौर खिलाड़ी अपने सफर का अंत कर चुके वसीम जाफर अब कोच बन चुके हैं। भारतीय घरेलू क्रिकेट में वह उत्तराखंड की टीम के मुख्य कोच है और इस नई पारी का मजा ले रहे हैं। अपनी नई भूमिका के बारे में जाफर ने कहा, 'यह काफी अच्छी चीज है और मेरे लिए नई भी है। मैंने कोचिंग पहले भी की लेकिन कभी मुख्य कोच नहीं रहे। मैंने ज्यादा बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में किया और थोड़ी बहुत कोचिंग की। हालांकि पूरी टीम की जिम्मेदारी संभालना अलग और चुनौतीपूर्ण हैं पर मैं इसके लिए तैयार हूं।' 42 साल की उम्र में इस साल मार्च में खेल से संन्यास लेने वाले जाफर ने घरेलू क्रिकेट के लिए कहा कि मुझे लगता है कि अक्टूबर में सीजन की शुरूआत रणजी ट्रॉफी से होनी चाहिए। इसके बाद आदर्श तरीके से देखें तो ईरानी ट्रॉफी आयोजित होनी चाहिए और उसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जैसे टी-20 टूर्नामेंट को रखा जा सकता है क्योंकि यह आईपीएल नीलामी होने का समय होता है।

### आरसीबी में दिखेगी नई ओपनिंग जोड़ी विराट कोहली के साथ देंगे एरोन फिंच

नई दिल्ली। इस सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) अपनी तकदीर बदलने के इरादे से मैदान में उतरेगी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली अपनी पूरी टीम के साथ बैंगलोर पहुंच गए हैं। विराट की कप्तानी वाली आरसीबी अब तक एक भी बार खिताब नहीं जीत पाई है। टीम ने इस बार कई बदलाव किए हैं। टीम के कोच माइक हेसन के मुताबिक टीम इस बार नई ओपनिंग जोड़ी के साथ उतरेगी। भारतीय कप्तान कोहली ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवर के कप्तान एरोन फिंच के साथ सलामी जोड़ी बनाएंगे। आपको बता दें कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों खिलाड़ी जब भी आमने-सामने आते हैं तो कड़ा मुकाबला देखने को मिलता है। दोनों कप्तान कट्टर विरोधी माने जाते हैं। कोच माइक हेसन ने बताया कि यूएई में खेले जा रहे मौजूदा आईपीएल सीजन के लिए विराट कोहली और एरोन फिंच सलामी बल्लेबाज होंगे। आईपीएल2020 नीलमी के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की फ्रेंचाइजी ने आखिरी वक्त में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच को खरीदा था। सिर्फ सलामी जोड़ी के तौर पर ही नहीं कोहली को फिंच से कप्तानी में भी मदद मिलने वाली है क्योंकि फिंच लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज फिंच फिलहाल टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 औ? वनडे सीरीज खेलनी है। आईपीएल से पहले फिंच को इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। कुछ ही दिनों में टीम के खिलाड़ी तीन सप्ताह का प्रैक्टिस सेशन शुरू करेंगे। खिलाड़ी बायो सेक्यूर बबल में रहते हुए ही ट्रेनिंग करेंगे। लंबे समय से घर में रहकर ट्रेनिंग करने को मजबूर रहे खिलाड़ियों के लिए यह सेशन जरूरी हैं। हेसन ने कहा, 'खिलाड़ियों को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से बेहतर महसूस कराने के लिए हमारे पास बेहद अच्छा स्पोर्टिंग स्टाफ है जिससे कि तैयारी में प्रत्येक खिलाड़ी की मदद हो सके और वे अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए तैयार रहें। हमने शुरू में समूहों में ट्रेनिंग की योजना बनाई है जिससे कोरोना वायरस संक्रमण का जोखिम कम करने में भी मदद मिलेगी।

75 करोड़ के निवेश की तैयारी

# फार्मा, एपीआई और कैमिकल्स उद्योग में प्रवेश को तैयार विकास इको टेक लिमिटेड

मुंबई ■ एजेंसी

बीएसई तथा एनएसई में सूचीबद्ध, विकास इकोटेक लिमिटेड विभिन्न उद्योगों में प्रवेश की ओर भी बढ़ रही है। विकास इकोटेक एक इंटीग्रेटेड-स्पेशियलिटी उत्पाद समाधान प्रदान करने वाली कम्पनी है, जो कि उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले इको फ्रेंडली रबर प्लास्टिक कंपाउंड्स और एडिटिव्ज का उत्पादन करती है। कम्पनी द्वारा यह सूचना प्रदान की गई है कि इसके बोर्ड ने कम्पनी के लिए फार्मास्युटिकल्स, एपीआई और कैमिकल उद्योग में मौजूद संभावनाओं के मद्देनजर कम्पनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा नियुक्त एक्सपर्ट कमेटी द्वारा तैयार रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है।

उल्लेखनीय है कि इस विशेषज्ञ कमेटी को व्यवसायिक विस्तार के हिसाब से व्यवसायिक संभावनाओं की पहचान के मूल्यांकन के लिए नियुक्त किया गया था। इसके साथ ही



कम्पनी ने आने वाले 2 सालों में नए उद्योगों में या ऑर्गेनिक अथवा इनऑर्गेनिक दोनों तरीकों से वृद्धि के लिए एक रणनीतिक साझेदारी के जरिये 75 करोड़ रुपये के निवेश का निर्णय किया है। विकास इकोटेक ने हाल ही में यह घोषणा भी की थी कि कोविड-19 के वर्तमान संकट के बावजूद, कम्पनी ने अपने फ्लैगशिप उत्पाद, इकोफ्रेंडली 'ऑर्गेनिक पीवीसी स्टेबलाइजर्स' को यूनाइटेड स्टेटस ऑफ अमेरिका (दुनिया का सबसे बड़ा ऑर्गेनोशन मार्केट) को बिना किसी बाधा के निरन्तर एक्सपोर्ट किया। गौरतलब है कि कम्पनी ने यूएसए में सबसे बड़े स्पेशियलिटी कैमिकल/ ऑर्गेनोशन स्टेबलाइजर डिस्ट्रीब्यूटर के साथ टाई अप किया है। इस डिस्ट्रीब्यूटर का पूरे देशभर में वितरण के लिए अच्छी तरह स्थापित, विस्तृत नेटवर्क है। यूएस की कम्पनी विकास इको टेक के साथ 2020 के लिए पूर्व में किये गए एग्रीमेंट के अनुसार निरन्तर ऑर्डर्स प्रदान कर रही है और एक लंबी साझेदारी की ओर बढ़ रही है। ऑर्गेनोशन स्टेबलाइजर यूएस एफडीए द्वारा अनुमति प्राप्त उत्पाद है और इसे स्वास्थ्य के लिहाज से घातक लैड आधारित पीवायसी स्टेबलाइजर्स के सशक्त विकल्प के रूप में अपनाया जा रहा है। ऑर्गेनोशन्स को अधिकांशतः अंतरराष्ट्रीय कानूनों द्वारा पोर्टेबल वाटर पाइप्स और फिटिंग्स के लिए उपयोग करने के लिए अनुमोदन प्राप्त है और इसे वैश्विक स्तर पर फूड कॉन्टैक्ट एप्लीकेशन्स के लिए कई प्रमाणपत्र तथा अनुमतियाँ भी प्राप्त हैं।

# नया झेडएक्स स्कूटर वेरियंट फ्रंट डिस्क ब्रेक के साथ लॉन्च

नई दिल्ली ■ एजेंसी

स्कूटर बनाने वाली जानीमानी कंपनी टीवीएस मोटर ने अपने पॉप्युलर स्कूटर जूपिटर का नया झेडएक्स स्कूटर वेरियंट फ्रंट डिस्क ब्रेक के साथ लॉन्च किया है। अब तक स्कूटर में यह फीचर उपलब्ध नहीं था। जूपिटर स्कूटर में टीवीएस की आई- टचस्टार्ट टेक्नॉलजी दी गई है, जो कि साइलेंट स्टार्टर है। दिल्ली में इस नए वेरियंट की कीमत 69,052 रुपये है। नए वेरियंट की कीमत जूपिटर के फैंसी क्लासिक एडिशन के काफी करीब है। टीवीएस के मुताबिक, आई- टचस्टार्ट टेक्नॉलजी बिना क्रैंकिंग नॉइज के साइलेंट और इंस्टैंट स्टार्ट की सहूलियत देती है, यह इसे डेली स्टॉप-गो ट्रैफिक में बार-बार स्टार्ट करने के लिए एक आदर्श स्कूटर बनाता है। इसके अलावा, यह फीचर ओवरऑल बैटरी लाइफ को भी बेहतर बनाता है और मेंटीनेंस-फ्री सिस्टम में मदद करता है। फ्रंट डिस्क ब्रेक और साइलेंट स्टार्टर सेटअप के अलावा नए जूपिटर झेडएक्स मॉडल में ऑल-इन-वन लॉक मैकेनिज्म दिया गया है। सिंगल की-होल में ही इग्निशन, स्टीयरिंग लॉक, सीट लॉक और फ्यूल टैंक कैप ओपनर दिए गए हैं। टीवीएस ने जूपिटर के इस वर्जन को मैट स्टारलाइट ब्लू, स्टारलाइट ब्लू और रॉयल वाइन इन 3 कलर ऑप्शंस में लॉन्च किया था। नए जूपिटर झेडएक्स डिस्क वेरियंट में एलईडी हेडलैंप्स, 2 लीटर ग्लव बॉक्स, मोबाइल चार्जर और 21 लीटर का स्टोरेज दिया गया है। बेहतर राइडिंग कंफर्ट के लिए स्कूटर में एडजस्टबल शॉक अब्जॉर्बर दिए गए हैं।जूपिटर झेडएक्स डिस्क वेरियंट के बाकी के स्पेसिफिकेशंस दूसरे वेरियंट जैसे ही हैं। स्कूटर में ईटी-एफआई टेक्नॉलजी और इंटीग्रेटेड स्टार्टर जेनरेटर सिस्टम के साथ बीएस-6 कंप्लायंट 110 सीसी इंजन दिया गया है।

# अब हवाई यात्रा के दौरान पैसेंजर्स को खाना व अल्कोहल भी उपलब्ध होगा

नई दिल्ली ■ एजेंसी

कोरोना में हवाई यात्रा करने वाले पैसंजर्स के लिए खुशखबरी है। केंद्र से नियमों में मिली ढील के बाद एयरलाइन कंपनियां पैसेंजर्स के लिए घरेलू और इंटरनेशनल उड़ानों के दौरान पैक्ड फूड उपलब्ध कराएंगी। एविएशन मंत्रालय ने गुरुवार शाम को आदेश जारी करते हुए कहा था कि एयरलाइन कंपनियां प्री पैक्ड स्नैक्स और खाने-पीने का सामान परोस सकती है। दरअसल, इससे पहले घरेलू उड़ानों में खाने-पीने का सामान नहीं परोसा जाता था, जबकि इंटरनेशनल उड़ानों के दौरान सीटों पर भोजन के पैकेट रखे जाते थे।

### एयरलाइंस को होगा फायदा

उड़ानों में भोजन परोसने की अनुमति मिलने के बाद उन एयरलाइन कंपनियों को फायदा मिलेगी जिनका किराया कम है। कंपनियों को इसके जरिए अच्छा मुनाफा हो सकता है, लेकिन यह भी देखना होगा कि हवाई सफर के दौरान कितने यात्रियों को खाना खाना पंसद है। भारत में कोरोना महामारी को फैलने से रोकने के लिए केंद्र सरकार ने देशव्यापी लॉकडाउन लगाया था। इसमें घरेलू और इंटरनेशनल दोनों उड़ानें बंद कर दी गई थीं। हालांकि मई में उड़ानों को दोबारा शुरू कर दिया गया।



### एयरलाइन कंपनियों के लिए नई गाइलाइन

केंद्र सरकार ने एयरलाइन कंपनियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा है। इसके तहत एयरलाइंस से डिस्पोजेबल प्लेट, कटलरी और ग्लास भी देने को कहा गया है, जिसे दोबारा यूज नहीं किया जा सके। साथ ही पैसेंजर्स को खाना परोसने से पहले क्रू को अपने दस्ताने बदलने के भी आदेश हैं। सरकार ने कहा है कि मौजूदा हालात को देखते हुए ये सावधानियां यात्रियों के लिए अतिआवश्यक हैं। इसके अलावा यात्रा के दौरान एल्कोहल और एंटरटेनमेंट सिस्टम की भी अनुमति दी गई है।

# रिलायंस और फ्यूचर के सौदे को हरी झंडी जल्द




नई दिल्ली ■ एजेंसी

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज फ्यूचर ग्रुप के रिटेल कारोबार को खरीदने के बेहद करीब पहुंच गई है। फ्यूचर रिटेल बोर्ड की शनिवार को बैठक होने जा रही है जिसमें इस सौदे को हरी झंडी मिल सकती है। यह पूरा सौदा नगदी में होगा। फ्यूचर रिटेल का कर्ज और देनदारी भी रिलायंस ले लेगी और उसे फ्यूचर की एफएमसीजी कंपनी में बहुत कम हिस्सेदारी मिलेगी। सूत्रों का कहना है कि इस सौदे की राशि 29,000-30,000 करोड़ रुपए है। सौदे की शर्तों के मुताबिक फ्यूचर ग्रुप अपनी पांच लिस्टेड यूनिट्स को फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिडेट (एफईएल) में मर्ज कर देगा। इसमें ग्रॉसरी, एपैरल, सप्लाई चेन और कंज्यूमर बिजनस से जुड़ी यूनिट्स शामिल हैं। इसके बाद एफईएल फिर सारे रिटेल एसेट्स को अलग करके इसे एक सिंगल यूनिट के तौर पर रिलायंस को बेच देगी। एक सूत्र ने कहा कि रिलायंस कर्ज उतारने के लिए करीब 13,000 करोड़ रुपए फ्यूचर ग्रुप को देगी। इसके अलावा दूसरी देनदारियों को चुकाने के लिए 7,000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। साथ ही 6,000 से 7,000 करोड़ रुपये प्रमोटर ग्रुप को दिए जाएंगे। इसके अलावा रिलायंस 3,000 करोड़ रुपए के तरजीही आवंटन के जरिए फ्यूचर एंटरप्राइजेज में 14 से 16 फीसदी हिस्सेदारी लेगी। एफईएल में बाकी बचा कारबार रहेगा जिनमें फ्यूचर कंज्यूमर के एफएमसीजी प्रोडक्ट्स, टैक्सटाइल मिल्स और इंश्योरेंस यूनिट शामिल है।

ऑनलाइन का बढ़ता बाजार — ई-कॉमर्स की पैठ पारंपरिक बाजारों जैसे अमेरिका और चीन में क्रमशः 15 फीसदी और 20 फीसदी तक पहुंच गई है

# भारत में साल 2024 तक ई-कॉमर्स रिटेल मार्केट 7 लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा, जो साल 2010 में था 7 हजार करोड़ रुपए से भी कम

- साल 2019 में ई-कॉमर्स रिटेल मार्केट भारत में 2 लाख करोड़ से ज्यादा का रहा

नई दिल्ली ■ एजेंसी

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लगातार बढ़ती शॉपिंग और ग्राहकों का खरीदारी का बदलता तौर-तरीका ई-कॉमर्स इंडस्ट्री के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। रिटेल मार्केट में ई-कॉमर्स की पैठ को वृहद बनाते जा रहे हैं। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में ई-कॉमर्स रिटेल मार्केट भारत में 2 लाख करोड़ से ज्यादा का रहा, जो साल 2024 में 7.3 लाख करोड़ रुपए तक होने का अनुमान है।

पिछले एक दशक में इंटरनेट और स्मार्टफोन के आने के बाद भारत में ई-कॉमर्स की इंट्री जबरदस्त रही। इससे भारतीय रिटेल इंडस्ट्री में काफी कुछ बदला है। इसके ग्रोथ में पहले कहीं ज्यादा रफ्तार आ गया है। आंकड़ों के



मुताबिक भारत के रिटेल सेक्टर ने 2009-19 में लगभग 66.9 लाख करोड़ का बिजनेस किया, जो इस क्षेत्र में हो रहे बदलाव को दशार्ता है। जबकि साल 2010 में ई-कॉमर्स का रिटेल मार्केट 7 हजार करोड़ रुपए से भी कम थी, जो साल 2019 में बढ़कर लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का हो गई।

### रिटेल मार्केट में ई-कॉमर्स की पैठ

साल 2019 तक ई-कॉमर्स की पैठ पारंपरिक बाजारों जैसे अमेरिका और चीन में क्रमशः 15 फीसदी और 20 फीसदी तक पहुंच गई है, जबकि भारत में यह साल 2024 तक करीब 6 फीसदी तक पहुंच पाएगा। ए & एम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष सैगल के मुताबिक, भारत में ई-कॉमर्स के वॉल्यूम का बड़ा हिस्सा टॉप-30 शहरों में रहेगा, जबकि इसके अगले पांच सालों में लगभग 60 फीसदी वॉल्यूम टीयर-2 और टीयर-3 शहरों में होगा। ई-कॉमर्स व्यवसायों में बिक्री के लिए इसका आधार बनाना होगा, जिसके लिए छोटे शहरों में डिस्ट्रीब्यूटर बनाना बेहद जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑनलाइन रिटेल की ग्रोथ को बढ़ाने वाले ड्राइवर्स की अगली वेव सोशल मीडिया, चैट इंजन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बॉट्स के माध्यम से होगी। इसमें फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी), ग्रॉसरी और अपैरल जैसी कैटेगरी शामिल हैं।

### सप्लाई चेन में बदलाव की संभावना

अल्वारेज एंड मार्सल (ए & एम) इंडिया और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के लॉजिस्टिक संस्थान ने साझा रिपोर्ट में कहा है कि ऑनलाइन ग्रॉसरी की बिक्री पहले से ज्यादा हो रही है, जबकि फूड डिलिवरी कंपनियों का इस इंडस्ट्री में प्रवेश होने के बाद ग्रोथ अगले पांच वर्षों में करीब 5 गुना और बढ़ेगा। रिपोर्ट ये भी कहा गया है कि, ई-कॉमर्स के अगले फेज में सप्लाई चेन में और भी बदलाव होने की संभावना है।








# कांग्रेस का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन एवं महासदस्यता-अभियान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**अमित शर्मा रिपोर्टर**

**ग्वालियर /** 16 ग्वालियर पूर्वद्वविधानसभा के सबसे प्रबल प्रत्याशी अशोक सिंह तोमर के द्वारा 3300 से 3500 की संख्या मे कांग्रेस की सदस्यता हमारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आदरणीय एनपी प्रजापति जी पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन वर्मा जी जयवर्धन सिंह जी पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह जी पूर्व कैबिनेट मंत्री पीसी शर्मा जी पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी वैराग्य नंद महाराज मिर्ची बाबा आदि सभी के समक्ष करवाई गई। कार्यक्रम मैं पूरी 16 पूर्व की विधानसभा की जनता ने आकर कार्यक्रम को सफल बनाया और यह भी दिखाया कि ग्वालियर चंबल संभाग मैं अब किसी श्रीमंत का कोई जादू नही चलने वाला है।क्यो की यहा जनता जनार्धन ही सब कुछ है।और जनता जनार्धन ने ये भी संदेश दिया कि प्रदेश और ज़िले की जनता पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय कमलनाथ जी के साथ और कांग्रेस के साथ है। कार्यक्रम के अंत मे हमारे मुख्य अतिथियों ने हमारे 16 पूर्व के अशोक सिंह **तोमर छोटू भैया को कार्यक्रम के लिए -** आभार व्यक्त किया और निकट भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। एवं 16 पूर्व विधानसभा की सम्पूर्ण जनता जनार्धन का आभार हमारे अशोक सिंह तोमर छोटू भैया व्यक्त किया।

# चलित जलाशय में श्री गणेश मूर्ति विसर्जन प्रारंभ

## कलेक्टर एवं एसपी भी चलित जलाशय वाहनों का जायजा लेने कटोराताल पहुंचे, 30 वाहनों से किया जा रहा है गणेश मूर्ति विसर्जन

**ग्वालियर।** भगवान श्री गणेश की मूर्तियों के विसर्जन के लिए शनिवार को कटोराताल से चलित जलाशय के वाहन रवाना हुये। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी भी चलित जलाशयों का जायजा लेने कटोराताल पहुंचे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने चलित जलाशय से जुडे समाज सेवियों एवं विभागीय अधिकारियों से कहा कि चलित जलाशय जहां जहां भी पहुंचे वहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य किया जाए। साथ ही सभी श्रद्धालु मास्क लगाकर गणेश मूर्तियों का विसर्जन करने आयें। चलित जलाशयों पर तैनात वॉलेंटियर व कर्मचारी भी मास्क लगायें और सेनेटाईजर साथ में रखें।

कटोराताल पर पं. अशोक शर्मा तूफान ने पूरे विधि-विधान से चलित जलाशय में गंगाजल युक्त श्री गणेश मूर्तियों का विसर्जन कराया। मूर्तियों का विसर्जन वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन एवं कार्यक्रम के संयोजक एम.एल. अरोरा ने किया। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान, जिला शांति समिति, कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के सहयोग से 30 वाहन नगर निगम के सहयोग से विभिन्न चौराहों पर लगाये गये हैं। एक सितम्बर को भी विसर्जन का कार्यक्रम किया जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सांघी ने भी कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने भी सेवादान किया। इस अवसर पर यासीन खान मंसूरी, गोपाल सिंह कुशवाह, टीएस सक्सेना, राकेश परिहार, एस.के. दास, अशोक गुप्ता, सुशील भाले, डॉ. संजय पांडे, श्रीमती शिवकुमारी क्षेत्री सहित अनेक स्वयं सेवक उपस्थित थे।



जिन प्रमुख चौराहों पर चलित जलाशय वाहनों की व्यवस्था की गई है, उनमें बारादरी चौराहा मुरार, सात नम्बर चौराहा मुरार, हजीरा चौराहा, गुडी गुढा का नाका, थाटीपुर चौराहा, किला गेट, कोटेश्वर मंदिर, चार शहर का नाका सहित शहर के 30 प्रमुख चौराहे शामिल हैं। एक सितम्बर को दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलित वाहन के माध्यम से गणेश मूर्ति विसर्जन किया जायेगा। कार्यक्रम में एडीएम किशोर कान्याल, एएसपी सत्येन्द्र तोमर, सीएसपी मुनीष राजौरिया, नगर निगम के उपायुक्त एपीएस भदौरिया, क्षेत्रीय अधिकारी, नगर निरीक्षक कंपू के.एन. त्रिपाठी सहित अनेक अधिकारी भी उपस्थित थे।

## लोक अदालत ने पीडित पक्षकारों को दिलाया 99 लाख 44 हजार रूपये का अतिरिक्त क्षतिधन

**ग्वालियर।** कोविड-19 महामारी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाईन लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में 29 अगस्त 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाईन लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए न्यायाधिपति श्री आनंद पाठक एवं श्री एन.के. गुप्ता सीनियर एडवोकेट की खण्डपीठ के द्वारा आपसी सहमति के आधार पर 54 प्रकरणों का निराकरण किया गया। मोटर दुर्घटना क्लेम अपील प्रकरणों में पीडित पक्षकारों को 99 लाख 44 हजार अतिरिक्त क्षतिधन के रूप में प्राप्त हुई। एक प्रकरण जिसमें कि रवि प्रजाति 17 मार्च 2016 को अपने स्वयं के ऑटो से पुरानी छावनी से मुरैना जा रहा था। जैसे ही रवि आईटीआई कॉलेज एबी रोड मुरैना के पास पहुंचा तभी ट्रक का चलक तेजी व लापरवाही से ट्रक चलाकर लाया और पीछे की तरफ से ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे रवि को गंभीर चोटें आईं और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई।



## क्राईम ब्रांच की सायबर क्राईम टीम ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ठगी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी भा.पु.से. को आवेदक नवीन परिहार ने अपने क्रेडिट कार्ड से 10,000/- रूपये फ्रॉड करके निकल जाने संबंधी शिकायती आवेदन पत्र दिया था। आवेदक की शिकायत को गंभीरता लेते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने अति. पुलिस अधीक्षक क्राईम सतेन्द्र सिंह तोमर एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम रक्नेश तोमर को क्राईम ब्रांच की सायबर टीम से उक्त शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करवाने हेतु निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में प्रभारी क्राईम ब्रांच उनि0 विनोद शर्मा ने सायबर क्राईम टीम को उक्त शिकायती आवेदन पत्र पर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया उक्त शिकायती आवेदन पत्र पर से थाना अपराध शाखा में अप. क्रं. 102/2020 धारा 420 भादवि. का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान बैंक व पेटीएम कंपनीआदि से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर बदमाश विश्वप्रताप सिंह भदौरिया पुत्र राजेश सिंह भदौरिया उम्र 29 साल निवासी जी.एल. 442 दीनदयाल नगर जिला ग्वालियरको ट्रेस कर गिरफ्तार किया गया। बदमाष से अपराध में प्रयुक्त मोबाईल, सिम कार्डएवं ठगी गई राशिबरामद कर ली गई है। सराहनीय भूमिका- उक्त आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार करने में प्रभारी क्राईम ब्रांच ग्वालियर उनि.विनोद शर्मा , उनि. धर्मेन्द्र शर्मा, उनि. हरेन्द्र सिंह राजपूत, आर. सुनील शर्मा, सुमित भदौरिया, ओमशंकर सोनी, शिवशंकर शर्मा, श्याम मिश्रा, लोकेन्द्र राणा व म.आर. सुनीता,की सराहनीय भूमिका रही।

# बाढ़ नियंत्रण एवं जल भराव के संबंध में सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहें

## संभागायुक्त ने बाढ़ नियंत्रण के संबंध में की समीक्षा

**ग्वालियर।** ग्वालियर संभाग के आयुक्त श्री एमबी ओझा ने बरसात के दिनों में जल भराव न हो इसकी निगरानी करने के निर्देश जारी किए हैं। संभाग के सभी जिलों में जलाशयों और तालाबों में जल भराव की स्थिति की प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी दिए हैं। संभागीय आयुक्त श्री ओझा ने बाढ़ नियंत्रण एवं जल भराव की स्थिति की समीक्षा की।



कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में बाढ़ नियंत्रण के संबंध में समीक्षा की गई। संभागीय आयुक्त ने सभी जिला कलेक्टरों से कहा है कि अपने अपने जिले में जल भराव वाले क्षेत्र की सतत निगरानी करें। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में बरसा का पानी भर रहा है उन्हें चिन्हित कर सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते करें। बैठक में आई जी ग्वालियर रेंज श्री अविनाश शर्मा, संभागीय उपायुक्त श्री आरपी भारती, एडीएम श्री किशोर कान्याल, अपर आयुक्त नगर निगम श्री विनोद भार्गव, संभागीय समन्वयक श्री विशाल प्रताप सिंह तोमर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त श्री ओझा ने नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि शहर में जहाँ भी बरसात का पानी एकत्रित होता है उन सभी स्थनों पर साफ-सफाई के साथ-साथ बरसात के पानी की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएं। इसके साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिये जिला स्तर पर सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहें यह भी सुनिश्चित किया जाए। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम 24 घण्टे कार्यरत रहे। बाढ़ नियंत्रण के लिए कंट्रोल रूम नम्बर 1079 के साथ ही राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम 0755-24441419 भी स्थापित है। कंट्रोल रूमों के नंबर सार्वजनिक किए जाएं। संभागीय आयुक्त श्री ओझा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से भी जलाशयों में जल स्तर के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि केकेटो डैम में 85 प्रतिशत, पेसारी में 80 प्रतिशत, हरसी में 67 प्रतिशत, तिघरा में 87 प्रतिशत, पगारा में 35 प्रतिशत के साथ ही राजघाट में 96 प्रतिशत जल भराव है। संभागीय आयुक्त श्री ओझा ने बैठक में यह भी निर्देश दिए हैं कि बाढ़ नियंत्रण के लिए गोताखोर, नाव के साथ साथ सभी आवश्यक तैयारियाँ संभाग के सभी जिलों में की जावें। अधिक वर्षा की स्थिति में कोई परेशानी न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही कर ली जावें। आईजी ग्वालियर रेंज श्री अविनाश शर्मा ने भी पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि संभाग के सभी जलाशयों और ऐसे पिकनिक स्पॉट जहां पर जन हानि की संभावना है वहां पर विशेष निगरानी की जाए।



कर्तव्य जन सामाजिक संस्था की ओर से कर्मठ कोरोना योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन संस्था की ओर से कोविद-19 कोरोना महामारी में कार्य करने एवं ग्वालियर बासियो की मदद करने के लिए किया गया तथा जिससे लोग अपने आप को सुरछित समझे कोरोना काल मे सभी अधिकारियों के द्वारा लोगो की मदद प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से की गई जिसमें सभी ने अपने कार्य को महत्व देते हुए अपने कर्तव्य का पालन किया जिसमें आज ग्वालियर जिले के अपर कलेक्टर किशोर कान्याल ,महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह, महिला बाल विकास सहायक संचालक शालीन शर्मा , को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया जिसमें संस्था की ओर से संस्था की अध्यक्ष शैलजा शर्मा, संरक्षक पवन शर्मा,सचिव रामकुमार, कंचन शर्मा उपास्थित रहे।

थाना हजीरा जिला ग्वालियर ने कांच मील के शातिर ,खतरनाक व सिरफिरा बदमाश

# भोलू भदौरिया उर्फ गोलू उर्फ विजय उर्फ सतेन्द्र को गिरफ्तार किया

## 3 महीने रहना होगा केंद्रीय जेल ग्वालियर

**ग्वालियर।** पुलिस थाना हजीरा जिला ग्वालियर क्षेत्र के कांच मील के शातिर बदमाश भोलू भदौरिया उर्फ गोलू उर्फ विजय उर्फ सतेन्द्र पुत्र दिलीप सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी कांच मील ग्वालियर को एन एस ए में गिरफ्तार किया ।भोलू भदौरिया वर्ष 2006 से लगातार चोरी , लूट , डकैती ,अपहरण ,हफ्ता वसूली , शराब पीने की माँग करने नही देने पर मारपीट करने,अवैध हथियार रखने अवैध शराब बेचने व मारपीट के 30 अपराध थाना हजीरा, ग्वालियर व इटारसी क्षेत्र में घटित कर चुका है । यह शराब पीने का कई प्रकार के नशा करने का आदी है इसका थाना हजीरा क्षेत्र में आतंक व्याप्त है ।यह अपने बड़े भाई जितेंद्र भदौरिया व परिवार के सदस्यों की मारपीट करता है व घर के दरवाजे खिड़की तोड़कर व उखाड़ कर फेंक देता है।यह शातिर ,सिरफिरा खतरनाक व दुस्साहसी अपराधी है ।नगर पुलिस अधीक्षक श्री रवि भदौरिया व पुलिस अधीक्षक महोदय ग्वालियर श्री अमित सांघी की अनुशंसा पर जिलाधीश ग्वालियर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा भोलू भदोरिया को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम1980 धारा 3( 2 )के अंतर्गत 3 माह के लिए केंद्रीय जेल ग्वालियर में निरुद्ध में रखने का डिटेंसन आदेश जारी किया । जिसके पालन में पुलिस थाना हजीरा ने भोलू भदौरिया को केंद्रीय जेल गवालियर दाखिल किया ।हजीरा पुलिस ने दिनांक 13 /7/20 को शातिर बदमाश भीम जादौन निवासी चंदनपुरा व दिनांक4/8/20 को आशु उर्फ अलुआ बिहारी निवासी सेवा नगर को भी एन एस ए में गिरफ्तार कर 3 माह के लिए केंद्रीय जेल ग्वालियर में निरुद्ध रखने हेतु दाखिल किया था ।




**सराहनीय भूमिका** – थाना प्रभारी हजीरा आलोक सिंह परिहार के नेतृत्व में एसआई नरेंद्र छिकारा, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान,गजेन्द्र सिंह, आरक्षक अशोक सिकरवार, राहुल राजावत, लव कुश यादव ,जितेन्द्र जादौन,बीरेन्द्र राजावत, भूषण रावत व जनक सिंह मुख्य भूमिका रही।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar
9301759475 9713253992
Mail-Vipintomar172@gmail.com

Somya Advertise & Marketing Service
Boost Your Business In Lockdow
Promote Your Business & Generate Leads
Bulk Sms & Voice call Marketing
Bulk Whatsapp Sender
Digital Marketing
Door To Door Marketing
Flex And Pritning & Printing Media
E. media, FM Redio
Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निगर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478